दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 132 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | बुधवार, 17 दिसम्बर 2025 | पौष माह, कृष्ण पक्ष त्रयोदशी , संवत्-2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## राजस्थान में घने कोहरे की चेतावनी, 3 डिग्री पारा गिरा

### विजिबिलिटी 10 मीटर से भी कम रही, सीकर का फतेहपुर सबसे ज्यादा ठंडा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टरबेंस का प्रभाव खत्म होने के साथ ही बादल हट गए और कोहरा शुरू हो गया। प्रदेश के बॉर्डर वाले जिलों (बीकानेर, जैसलमेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़) में इसका सबसे ज्यादा असर है। मंगलवार को कई इलाकों में विजिबिलिटी (दृश्यता) 10 मीटर से भी कम रही। मंगलवार सुबह बीकानेर शहर में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही। वहीं, सोमवार को भी 6 से ज्यादा जिलों में घना कोहरा रहा। श्रीगंगानगर में सुबह साढ़े नौ बजे तक कोहरे का असर रहा। विजिबिलिटी करीब 10 मीटर रही। नमी अधिक होने से कोहरे में बारिश जैसी बूंदें महसूस हुईं। कृषि अनुसंधान केंद्र में न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री दर्ज किया गया। जैसलमेर जिले के ग्रामीण इलाकों में विजिबिलिटी50 मीटर से भी कम रही। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान 25.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री दर्ज किया गया। दिन व रात के पारे में 16 डिग्री का अंतर रहा। हल्की सर्द हवा चलने से न्यूनतम तापमान में भी 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो गई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है राज्य में अगले एक-दो दिन तापमान सामान्य रहेगा, लेकिन घना कोहरा रहने से जनजीवन प्रभावित हो सकता है।

#### तापमान में गिरावट

पिछले 24 घंटे के दौरान जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं, अलवर, भरतपुर, करौली के एरिया में कोहरा छाया। कोहरे से इन शहरों में विजिबिलिटी (दृश्यता) कम हो गई और गाड़ियों की आवाजाही प्रभावित रही। वहीं, शेखावाटी के एरिया में हल्की सर्द हवा चली, जिससे इन शहरों के न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई।

#### सीकर का फतेहपुर सबसे ज्यादा ठंडा रहा

सोमवार को सबसे कम न्यूनतम तापमान फतेहपुर में 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। नागौर में न्यूनतम तापमान 5.9, लूणकरणसर में 6, दौसा में 6.5, बारां में 7.8, सिरोही में 8.1, गंगानगर में 9.3, चूरू में 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## अंबानी-अडाणी जितनी संपत्ति मस्क की एक दिन में बढ़ी

### 58 लाख करोड़ नेटवर्थ वाले दुनिया के पहले व्यक्ति, स्पेसएक्स की वैल्यू 72.80 लाख करोड़



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स इलॉन मस्क की संपत्ति 600 बिलियन डॉलर (54.60 लाख करोड़) पार कर गई है। मस्क नेटवर्थ का यह आंकड़ा छूने वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बन गए हैं। इससे पहले 1 अक्टूबर को मस्क की संपत्ति 500 बिलियन (डॉलर 45.50 लाख करोड़ रुपए) पर पहुंची थी। स्पेसएक्स की 800 बिलियन डॉलर (72.80 लाख करोड़) का वैल्यूएशन और आईपीओ आने की खबर के बाद मस्क की संपत्ति में एक ही दिन में लगभग 168 बिलियन डॉलर (15 लाख करोड़) की बढ़ोतरी हुई। यह भारत के दो सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी की नेटवर्थ के लगभग बराबर है। दोनों की संपत्ति 16 लाख करोड़ की है। अब मस्क की टोटल नेटवर्थ करीब 638 बिलियन डॉलर (58 लाख करोड़) है। इनसाइडर शेयर सेल के बाद स्पेसएक्स अब दुनिया की सबसे वैल्यूएबल प्राइवेट कंपनी बन गई है। मस्क स्पेसएक्स के फाउंडर और सीईओ हैं।

# हमारी सरकार ने समृद्ध एवं विकसित राजस्थान की रखी सशक्त बुनियाद : सीएम

### मुख्यमंत्री ने लूणकरणसर में बीकानेर जिले के 719 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण- शिलान्यास




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार गरीब को गणेश मानकर सेवक के रूप में कार्य कर रही है। हमारा नैतिक दायित्व है कि हम सरकार का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखें। हमारी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में बजट दिया और हर विधानसभा क्षेत्र में विकास रथ के माध्यम से विकास कार्यों का लेखा-जोखा जनता तक पहुंचा रही है।

शर्मा मंगलवार को बीकानेर के लूणकरणसर में ग्रामीण समस्या समाधान शिविर एवं बीकानेर जिले के विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने दो वर्षों में प्रदेश में सुशासन, जनकल्याण और चहुंमुखी विकास के लिए ऐसे अभूतपूर्व कदम उठाए हैं, जो ऐतिहासिक होने के साथ ही समृद्ध एवं विकसित राजस्थान की एक सशक्त बुनियाद भी हैं।

#### समस्याओं के समाधान के लिए आमजन के द्वार पर पहुंच रही सरकार

श्री शर्मा ने कहा कि जनसेवा के भाव के साथ ग्रामीण एवं शहरी समस्या समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इससे पहले भी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर से प्रदेश भर में एक महीने तक ग्रामीण और शहरी सेवा शिविरों का आयोजन किया था। इन शिविरों में प्रशासन को आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए उनके द्वार तक लाया जा रहा है। शहरी शिविरों के जरिए जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीकरण, फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस और सीवर कनेक्शन से जुड़े कार्यों से लेकर आवास पट्टे, नामांतरण और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ने संबंधी कार्य भी करवाए जा रहे हैं। वहीं, ग्रामीण समस्या समाधान शिविरों में सहमति विभाजन, नामांतरण एवं रास्ते खुलवाने जैसे कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि आमजन इन शिविरों का पूरा लाभ उठाएं।

#### किसान, युवा, महिला और गरीब के उत्थान के लिए उठाए कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने किसान, युवा, महिला और गरीब के उत्थान के लिए कई कदम उठाए हैं। हमने किसानों के लिए सम्मान निधि को 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार रुपये किया गया है तथा चरणबद्ध रूप से इसे 12 हजार रुपये किया जाएगा। इसी तरह हमारी सरकार ने इन दो वर्षों में युवाओं के लिए सरकारी सेवाओं में अवसर बढ़ाते हुए लगभग 92 हजार नियुक्तियां प्रदान की है। तथा 1 लाख 56 हजार पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन है। वहीं, प्रदेश में 12 लाख से अधिक लखपति दीदी बनाने से लेकर 10 लाख 51 हजार साइकिलें और करीब 40 हजार स्कूटियां वितरण एवं लाडो प्रोत्साहन योजना की पहली किस्त से 4 लाख 60 हजार बालिकाओं को लाभांवित करने का काम किया गया है।

श्री शर्मा ने कहा कि हाल ही में हमने 5 दिसम्बर को गंग नहर शताब्दी समारोह पर गंग नहर प्रणाली को नई मजबूती देने के लिए 1 हजार 717 करोड़ रुपये के कार्यों का शुभारंभ किया। ये कार्य नहरी क्षेत्र के किसानों के जीवन में नई समृद्धि लेकर आएंगे। हमारी सरकार ने 647 करोड़ रुपये से फिरोजपुर फीडर का पुनर्निर्माण और आईजीएनपी की नहरों के जीर्णोद्धार एवं पक्के खालों के लिए 3400 करोड़ का बजट दिया है। इसी तरह पूर्वी राजस्थान के लिए राम जल सेतु लिंक परियोजना समझौता किया और इसे धरातल पर उतारने के लिए 26 हजार करोड़ रुपये के कार्यादेश जारी कर चुके हैं।

शेखावाटी के लिए यमुना जल समझौता का मार्ग प्रशस्त करते हुए डीपीआर तैयार करवाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। हमने 22 जिलों में किसानों को दिन में बिजली आपूर्ति करना प्रारंभ कर दिया है तथा वर्ष 2027 तक सभी जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाने का लक्ष्य रखा है।

#### सरकार की कथनी और करनी में कोई भेद नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार में कथनी और करनी में कोई भेद नहीं है। हम जो कहते हैं, वह करते हैं। हमारी सरकार ने केवल 2 वर्षों में पूर्ववर्ती सरकार के 5 वर्षों से ज्यादा काम किया है। पूर्ववर्ती सरकार ने 5 साल में 52 हजार हेक्टेयर भूमि को नहरी तंत्र से सिंचाई सुविधा दी जबकि हमने 2 वर्ष में ही करीब 85 हजार हेक्टेयर को सिंचाई सुविधा प्रदान कर दी है।

इसी तरह पूर्ववर्ती सरकार में 5 सालों में 29 हजार फार्म पौंड निर्माण एवं 113 लाख मीटर तारबंदी हुई जबकि 2 वर्ष में ही हमारी सरकार 35 हजार से अधिक फार्म पौंड एवं 299 लाख मीटर तारबंदी के कार्य करवा चुकी है। हमने गोशालाओं को दो साल में 3 हजार 433 करोड़ रुपये की सहायता दी जबकि पूर्ववर्ती सरकार ने 5 साल में 3 हजार 117 करोड़ रुपये ही गोशालाओं को दिए। श्री शर्मा ने कहा कि बीकानेर जिले के युवाओं को 1 हजार 952 नियमित व 2 हजार 540 संविदा नियुक्तियां तथा 50 हजार बीमा पॉलिसी धारक किसानों को 206 करोड़ रुपये का बीमा क्लेम प्रदान किया गया है। इसी तरह 24 हजार महिलाओं को लखपति दीदियां बनाने के साथ ही 7 हजार 788 महिलाओं को राजीविका के माध्यम से संगठित आजीविका तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 1.52 लाख नई यूनिटों को पात्र सूची में जोड़ा गया है।

## राजस्थान में 41.85 लाख वोटर्स के नाम कटे

### एसआईआर की लिस्ट जारी..

### 11 लाख को नोटिस देंगे, दस्तावेज देकर दावा पेश कर सकते हैं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण में जिन वोटर्स के नाम काटे गए हैं, उनकी लिस्ट जारी कर दी गई है। ड्राफ्ट लिस्ट में 41.85 लाख वोटर्स के नाम काटे गए हैं। ड्राफ्ट लिस्ट के साथ एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड और ऑलरेडी एनरोल्ड लिस्ट दी गई है। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट निर्वाचन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी गई है। राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कहा- जिन वोटर्स के नाम हटाए हैं, उन्हें अब कोई नोटिस नहीं दिया जाएगा। अगर उन्हें आपत्ति है तो वे दस्तावेज देकर दावा पेश कर सकते हैं। इसमें परमानेंट शिफ्ट वोटर्स, डेड वोटर्स, एब्सेंट और डुप्लीकेट वोटर के नाम हटाए गए हैं।

**11 लाख वोटर्स को नोटिस जारी किए जाएंगे**-11 लाख वोटर्स की मैपिंग नहीं हुई, उन्हें नोटिस जारी किए जाएंगे। ऐसे वोटर्स दस्तावेज जमा करवाकर नाम जुड़वा सकेंगे। ये ऐसे वोटर्स हैं, जिनके नाम पिछली एसआईआर में नहीं थे। दस्तावेज नहीं दे पाए थे। इन्हें अब एसडीएम स्तर से नोटिस जारी किए जाएंगे।

**वोटर लिस्ट में नए नाम भी जुड़ेंगे**-मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि सभी वोटर्स को वोटर लिस्ट में अपना नाम जांचने के लिए प्रेरित किया जाए। यदि नाम नहीं है तो नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 के साथ घोषणा-पत्र भरकर जमा कराने के बारे में जानकारी दी जाए। युवा वोटर जो 1 अप्रैल 2026, 1 जुलाई 2026 और 1 अक्टूबर 2026 तक 18 साल के होंगे। उन सभी से भी एडवांस फॉर्म-6 भरकर अपना नाम वोटर लिस्ट में दर्ज करवाने के लिए आवेदन करावें।

**सुनवाई का मौका दिए बिना नाम नहीं हटेंगे**-एसआईआर के अनुसार- ड्राफ्ट लिस्ट से कोई भी नाम हटाने से पहले संबंधित एसडीएम, तहसीलदार को सुनवाई का मौका देकर लिखित आदेश जारी करने होंगे, जिनके ऊपर कलेक्टर और फिर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के यहां भी अपील कर सकेंगे।



### जयपुर में 5.36 लाख वोटर्स के नाम सूची से बाहर

राजस्थान में वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत ड्राफ्ट वोटर लिस्ट मंगलवार को जारी हो गई। जयपुर जिले में 17 विधानसभा क्षेत्र में 5.36 लाख से ज्यादा लोगों के नाम (11.12 फीसदी) इस सूची से हटाए गए हैं। इनके अलावा 1.90 लाख नाम ऐसे हैं, जो वर्ष 2002 की वोटर सूची से अपना या माता-पिता के नाम की मैपिंग नहीं करवा पाए हैं। इन वोटर्स को सूची में तो जगह दी है, लेकिन निर्वाचन आयोग अब इनसे 12 दस्तावेज में से एक मांगेगा, जो ये साबित करेंगा कि ये इस देश के नागरिक हैं।

**एब्सेंट, शिफ्ट होने वाले या डेथ लोगों के नाम कटे**-जयपुर जिला निर्वाचन शाखा की तरफ से तैयार ड्राफ्ट सूची के मुताबिक 5 लाख 36 हजार 276 वोटर ऐसे हैं, जो या तो अपनी जगह से शिफ्ट हो गए हैं या उनकी डेथ हो गई। इसके अलावा कुछ ऐसे भी वोटर हैं, जिनका न तो घर मिला और न ही वे खुद घर पर मिले हैं। इन वोटर्स को ्स्ष (एब्सेंट, शिफ्ट, डेथ) सूची में डालते हुए, इनके नाम ड्राफ्ट सूची से हटाए गए हैं। इन लोगों को अब अपनी आपत्तियां दर्ज करवाने के लिए 15 जनवरी तक का समय दिया गया है।

#### 1.90 लाख वोटर्स नहीं करा सके मैपिंग; एसआईआर के बाद 17 विधानसभा क्षेत्रों की ड्राफ्ट सूची जारी

**करीब 4 फीसदी नहीं करवाए पाए मैपिंग**-इनके अलावा 1 लाख 90 हजार 22 लोग (करीब 3.94) ऐसे हैं, जिनका खुद का या उसके माता-पिता का नाम वर्ष 2002 की वोटर लिस्ट (मतदाता सूची) में नहीं मिल रहा। ये वोटर्स नो-मैपिंग लिस्ट में आए हैं। ऐसे मतदाताओं को अब अपना नाम वोटर लिस्ट में कायम रखने के लिए या तो वर्ष 2002 की वोटर लिस्ट में नाम दिखाना होगा। वरना निर्वाचन आयोग की ओर से बताए गए 12 दस्तावेजों में से किसी एक को देना पड़ेगा। इसके लिए इन्हें 7 फरवरी 2026 तक का समय दिया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विधानसभा क्षेत्र सांगानेर से 61 हजार 674 (16.46 फीसदी) वोटर्स के नाम कटे हैं, जबकि 24 हजार 465 वोटर्स (6.53 फीसदी) ऐसे हैं, जो मैपिंग नहीं करवाए पाए हैं।

#### जज कैश कांड

## सुप्रीम कोर्ट का लोकसभा अध्यक्ष को नोटिस

### पूछा- राज्यसभा में महाभियोग प्रस्ताव नामंजूर फिर जांच पैनल क्यों बनाया, संसद में यह कैसे हुआ

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को नोटिस जारी किया। याचिका में वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए लोकसभा द्वारा अकेले बनाई गई तीन सदस्यीय जांच समिति की वैधता को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि दोनों सदनों में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन राज्यसभा ने उसे मंजूर नहीं किया। फिर भी लोकसभा ने अकेले जांच समिति बनाई जो कि गलत है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और एजे मसीह की बेंच ने लोकसभा स्पीकर कार्यालय और दोनों सदनों के महासचिवों से जवाब मांगा है। जस्टिस दत्ता ने पूछा- राज्यसभा में प्रस्ताव नामंजूर हुआ फिर भी लोकसभा में समिति बनाई गई। संसद में इतने सारे सांसद और कानूनी विशेषज्ञ मौजूद थे, लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, संसद में मौजूद कानूनी विशेषज्ञों ने इसे होने कैसे दिया?

## नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया-राहुल को राहत : दिल्ली कोर्ट ने ईडी की शिकायत खारिज की, कहा- मामला एफआईआर नहीं, बल्कि निजी आरोप से जुड़ा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, सोनिया गांधी और 5 अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। ईडी ने कहा है कि वह इस आदेश के खिलाफ अपील दायर करेगी।

राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज विशाल गोगने ने अपने आदेश में कहा कि इस मामले में दाखिल चार्जशीट एक व्यक्ति की निजी शिकायत से जुड़ी है, न कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत अनुसूचित अपराध से जुड़े एफआईआर पर। ऐसे में इस पर संज्ञान लेना संभव नहीं है।

नेशनल हेराल्ड मामला बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी की एक शिकायत से जुड़ा है। स्वामी ने सोनिया, राहुल और अन्य कांग्रेस नेताओं पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड कंपनी की 2,000 करोड़ की संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया है। इस मामले में सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, यंग इंडियन, डोटेक्स मर्चेंडाइज और सुनील भंडारी भी आरोपी है। इसी मामले में, राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की एक दलील स्वीकार करते हुए राहुल और सोनिया को एफआईआर की कॉपी देने का मजिस्ट्रेट कोर्ट का आदेश रद्द कर दिया। दिल्ली पुलिस ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए कहा था कि आरोपी एफआईआर की कॉपी पाने के हकदार नहीं हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि आरोपियों को सिर्फ एफआईआर दर्ज होने की जानकारी दी जा सकती है। दिल्ली पुलिस ने नेशनल हेराल्ड मामले में 3 अक्टूबर को ईडी की शिकायत पर राहुल-सोनिया गांधी के अलावा सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, यंग इंडियन, डोटेक्स मर्चेंडाइज, इसके प्रमोटर सुनील भंडारी, एजेएल और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। ये सभी ईडी की अप्रैल में दाखिल चार्जशीट में भी आरोपी हैं।



दिल्ली पुलिस की एफआईआर में आरोप है कि कांग्रेस नेताओं ने पद का दुरुपयोग कर निजी लाभ लिया। एफआईआर में आपराधिक साजिश, बेईमानी से संपत्ति का दुरुपयोग, आपराधिक विश्वासघात और धोखाधड़ी जैसी धाराएं लगाई गई हैं।

## सम्पादकीय

# मनरेगा में बदलाव, बदलेगी रोजगार की गारंटी

केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानी मनरेगा का नाम बदलते हुए जिस तरह उसके कई प्रविधान भी बदले और इससे संबंधित संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश किया, उस पर विपक्ष की आपत्ति पर आश्चर्य नहीं, क्योंकि अब सरकार की हर पहल का विरोध होता है। चूंकि मनरेगा का नया नाम विकसित भारत गारंटी फार रोजगार एंड अजीविका मिशन ग्रामीण अर्थात वीबी-जी राम जी कर दिया गया है, इसलिए विपक्ष अधिक हमलावर है। उसे यह कहने का अवसर मिल गया है कि सरकार महात्मा गांधी की उपेक्षा कर रही है। सरकार विपक्ष को यह अवसर उपलब्ध कराने से बच सकती थी, लेकिन शायद उसने ऐसा इसलिए किया ताकि इस अधिनियम में जो आमूल-चूल बदलाव प्रस्तावित हैं, उनका वह अधिक विरोध न कर सके। हालांकि सरकार ने नाम बदलने के औचित्य को सही ठहराया है, लेकिन इसमें संदेह है कि विपक्ष इससे संतुष्ट होगा। वैसे इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि पहली बार किसी योजना का नाम अथवा उसके प्रविधान नहीं बदले गए। मनरेगा भी मूल रूप में नरेगा थी। उसमें महात्मा गांधी का नाम बाद में जोडक़र मनरेगा किया गया था। मनरेगा को जिस समय लागू किया गया, उस समय परिस्थितियां भिन्न थीं। सामाजिक सुरक्षा की सबसे प्रभावी योजना के रूप में प्रचलित इस अधिनियम में बदलाव की आवश्यकता एक लंबे समय से महसूस की जा रही थी। विपक्ष के नेता समय-समय पर बदलाव की इस आवश्यकता को रेखांकित भी करते थे, लेकिन अब वे किसी तरह के बदलाव के पक्ष में नहीं दिख रहे हैं। यह समझा जाना चाहिए कि मनरेगा से वे उद्देश्य पूरे होने में कठिनाई हो रही थी, जिनके लिए उसे लाया गया था। ऐसे मामले सामने आ रहे थे, जो यह बता रहे थे कि इस योजना में कई तरह की खामियां घर कर गई हैं। बतौर उदाहरण, जहां मजदूरी आधारित कार्य होने चाहिए थे, वहां मशीनों का इस्तेमाल होता था। इसी तरह ग्रामीण विकास के ठोस काम नहीं होते थे। अब सरकार ऐसी व्यवस्था करने जा रही है, जिससे गांवों में बुनियादी ढांचे का निर्माण हो सके। बदले हुए अधिनियम से ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका और आय के अवसरों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जा सकेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि मजदूरी के दिवस बढ़ाने के साथ राज्यों को वर्ष में 60 दिन काम रोकने का अधिकार दिया गया है। इसकी मांग भी होती थी। सरकार इस अधिनियम में बदलाव के जरिये ग्रामीण विकास को एक ऐसी दिशा देना



चाहती है, जिससे विकसित भारत के लक्ष्य को आसानी से हासिल किया जा सके। उचित यह होगा कि संसद में इस विधेयक के गुण-दोष के आधार पर व्यापक बहस हो ताकि इस अधिनियम को कहीं प्रभावी रूप दिया जा सके। सुधार की पहल के अतिरंजित विरोध से बचा जाना चाहिए।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 17 दिसम्बर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 2014 - अमेरिका और क्यूबा ने 55 साल के बाद दोबारा कूटनीतिक संबंधों को बहाल किया।
- 2009 - लेबनान के समुद्री तट पर कार्गो जहाज एमवी डैनी एफ टू के डूबने से 40 लोगों तथा 28000 से अधिक पशुओं की मौत हो गयी।
- 2008- शीला दीक्षित ने दिल्ली की मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। केन्द्र सरकार ने शासन बलों में पदोन्नति के लिए नई पदोन्नति नीति की घोषणा की।
- 2005 - भूटान के राजा जिग सिगमे वांचुक को सत्ता से हटाया गया।
- 2002 - तुर्की ने कश्मीर मुद्दे पर भारत का समर्थन किया।
- 2000 - भारत और पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष मुख्यालयों में हॉटलाइन पुन: शुरू, नेशनलिस्ट सर्व डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता मिरको सरोविक ने बोस्निया में राष्ट्रपति पद की शपथ ली।
- 1998 - अमेरिकी और ब्रिटिश बम वर्षकों ने 'आपरेशन डेजर्ट फ़ाक्स' के तहत इराक पर भारी बमबारी की।
- 1971 - भारत-पाक युद्ध समाप्त।
- 1996 - नेशनल फुटबाल लीग का शुभारंभ हुआ।
- 1940 - महात्मा गांधी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह आंदोलन स्थगित किया।
- 1933 - भारत के दिग्गज क्रिकेटर लाला अमरनाथ ने अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही 118 रनों की बेहतरीन पारी खेली।
- 1931 - भारत के इतिहास में काफ़ी महत्वपूर्ण है। इस दिन प्रोफेसर प्रशान्त चन्द्र महालनोबिस का सपना साकार हुआ और कोलकाता में 'भारतीय सांख्यिकी संस्थान' की स्थापना हुई।
- 1929 - महान् क्रांतिकारी भगत सिंह और राजगुरू ने अंग्रेज़ पुलिस अधिकारी सांडर्स को गोली मारी।
- 1927 - आस्ट्रेलिया के महान् बल्लेबाज सर डान ब्रेडमैन ने अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने पहले ही मैच में शानदार 118 रनों की पारी खेली।

## विशेष आलेख

# परफैक्ट लीडरशीप के पर्याय है नितिन नबीन अगली पीढ़ी के नेतृत्व को तैयार भाजपा



विवेक वैष्णव
चित्तौडग़ढ़

भाजपा में अक्सर नेतृत्व परिवर्तन अचानक नहीं होता बल्कि एक प्रक्रिया के तहत होता है। अपने चिर परिचित अंदाज में विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा ने कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन की घोषणा करके एक बार फिर सबको चौंका दिया है। नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के पीछे पार्टी की गहरी राजनीतिक रणनीति और दूरगामी सोच मानी जा रही है। भाजपा में कई बड़े और अनुभवी नाम होने के बावजूद नितिन नबीन को चुनने के पीछे सबसे बड़ा कारण यह है कि वे मोदी-शाह की ''परफेक्ट लीडर'' की परिभाषा पर एकदम सटीक बैठते हैं। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह उन नेताओं को पसंद करते हैं जो मीडिया में कम दिखते हैं लेकिन जमीन पर रिजल्ट देते हैं। नितिन नबीन को ''लो-प्रोफाइल'' रहकर काम करने वाला एक कुशल रणनीतिकार माना जाता है।

नितिन नबीन केवल रणनीतिकार नहीं हैं बल्कि वे चुनाव जीतना भी जानते हैं। नितिन नबीन की नियुक्ति केवल एक पदोन्नति नहीं है बल्कि यह युवा जोश, जातिगत समीकरण (विशेषकर बंगाल के लिए) और संगठनात्मक वफादारी का एक मिलाजुला रणनीतिक फैसला है। जब नितिन नबीन को छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया था तब वहां भाजपा की हालत बहुत खराब मानी जा रही थी। नबीन ने वहां बिना शोर-शराबे के बूथ मैनेजमेंट पर काम किया और हारी हुई बाजी पलट दी। वहां मिली अप्रत्याशित जीत का श्रेय उनकी संगठन क्षमता और माइक्रो-मैनेजमेंट को भी दिया जाता है। यह ''रिजल्ट-ओरिएंटेड'' अप्रोच उनके चयन का सबसे बड़ा आधार बना। 2020 के बिहार चुनाव में उन्होंने बॉलीवुड अभिनेता और शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे लव सिन्हा (कांग्रेस उम्मीदवार) को भारी मतों से हराया था। इसने साबित किया कि वे किसी भी ''स्टार पावर'' के सामने अपनी जमीनी पकड़ से जीत सकते हैं। पटना की बांकीपुर सीट को उन्होंने भाजपा का अभेद्य किला बना दिया है जहां वे लगातार 5 बार (पहले 2006 में पिता की सीट से और फिर बांकीपुर से) जीतते आ रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमेशा ऐसे नेताओं को पसंद करता है जो ''वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध'' हों और जिनका परिवार पीढियों से विचारधारा से जुड़ा हो। नबीन इस पैमाने पर पूरी तरह खरे उतरते हैं। नितिन नबीन का परिवार जनसंघ के जमाने से पार्टी से जुड़ा है। नितिन ने अपने पिता के निधन के बाद बहुत कम उम्र में राजनीति संभाली और कभी पार्टी लाइन से बाहर नहीं गए। संघ को ऐसे परिवार और नेता पर बहुत भरोसा होता है जिनकी रगों में पार्टी की विचारधारा दौड़ती हो। नितिन नबीन के पिता नवीन किशोर सिन्हा जनसंघ (भाजपा का पुराना रूप) के समय के समर्पित नेता थे। भाजपा जिस ''नैतिकता और शुचिता'' की बात करती है नबीन उस सांचे में बिल्कुल फिट बैठते हैं। वे एक पढ़े लिखे (इंजीनियरिंग बैकग्राउंड) और सौम्य स्वभाव के नेता माने जाते हैं। नितिन नबीन को इसलिए चुना गया क्योंकि वे काम में पक्के, विवादों से दूर और नेतृत्व के लिए पूरी तरह वफादार हैं। वे अपना ''एजेंडा'' चलाने वाले नेता नहीं बल्कि पार्टी का ''एजेंडा'' लागू करने वाले सिपाही हैं। भाजपा 2047 के ''विकसित भारत'' का लक्ष्य लेकर चल रही है। ऐसे में 60-70 साल के नेता की बजाय उन्हें एक ऐसा चेहरा चाहिए था जो अगले 10-15 साल तक सक्रिय रह सके और जिसे देखकर देश का युवा कनेक्ट रह सके। भाजपा अब अपनी अगली पीढ़ी के नेतृत्व को तैयार कर रही है। 45 वर्ष की आयु में नितिन नबीन इस पद पर पहुंचने वाले सबसे युवा नेताओं में से एक हैं। यह पार्टी द्वारा युवाओं को आगे लाने और संगठन में नई ऊर्जा भरने का स्पष्ट संकेत है। 45 साल के नबीन, राहुल गांधी (जो 50. के हैं) और अन्य विपक्षी युवा नेताओं के मुकाबले एक मजबूत और फ्रेश चेहरा हैं। नितिन नबीन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह का विश्वासपात्र माना जाता है। वे विवादों से दूर रहते हैं और दिए गए कार्यों को पूरा करने पर फोकस करते हैं। पांच बार के विधायक और बिहार सरकार में मंत्री रहने के बावजूद उनकी छवि एक अनुशासित और जमीन से जुड़े कार्यकर्ता की रही है, जो भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को पसंद है। पिछले 18-20 वर्षों से राजनीति में होने और पांच बार विधायक रहने के बावजूद नितिन नबीन पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप या विवाद नहीं है। नितिन नबीन को इतना बड़ा पद देकर पार्टी ने अपने ''कोर वोट बैंक'' को आश्वस्त किया है कि उनका महत्व कम नहीं हुआ है। भाजपा को उम्मीद है कि नबीन बंगाली बुद्धिजिवियों और मध्यम वर्ग के बीच पार्टी की स्वीकार्यता बढ़ा सकते हैं जो अब तक टीएमसी या लेफ्ट का वोटबैंक रहा है।

नितिन नबिन भारतीय जनता युवा मोर्चा में राष्ट्रीय स्तर पर काम कर चुके हैं और संगठन की बारीकियों को जमीनी स्तर से समझते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की माने तो उनकी नियुक्ति का सीधा संबंध पश्चिम बंगाल के आगामी चुनावों से भी है। पश्चिम बंगाल में कायस्थ एक प्रभावशाली और निर्णायक वर्ग है। भाजपा को उम्मीद है कि नबीन के जरिए वे बंगाल के शहरी और शिक्षित वर्ग के बीच अपनी पैठ गहरी कर पाएंगे। भाजपा पूर्वी भारत में अपनी पकड़ को और मजबूत करना चाहती है। पूर्वी भारत से किसी नेता को इतना बड़ा पद देना इस क्षेत्र के लिए एक बड़ा संदेश है।

नितिन नबीन को चुना जाना केवल बिहार या युवा होने की बात नहीं है। यह 2029 के लोकसभा चुनाव के लिए एक नई, ऊर्जावान और बेदाग टीम तैयार करने की दिशा में उठाया गया सबसे बड़ा कदम है। राजनीति में अक्सर बड़े नेताओं को पद देने से दूसरे गुट नाराज हो जाते हैं। नितिन नबीन इस मामले में सबसे ''सुरक्षित विकल्प'' है। बिहार भाजपा में कई गुट हैं लेकिन नितिन नबीन की छवि किसी एक गुट के नेता की नहीं बल्कि एक ''संगठन के आदमी'' की है और वे सबके लिए स्वीकार्य हैं।

# स्क्रॉलिंग बनाम कौशल: डिजिटल युग की चुनौती



डॉ विजय गर्ग

*समय की बर्बादी- जो समय किसी नई भाषा सीखने, कोडिंग का अभ्यास करने, कोई रचनात्मक प्रोजेक्ट पूरा करने या शारीरिक व्यायाम करने में लग सकता था, वह अक्सर बिना किसी उत्पादक परिणाम के स्क्रॉलिंग में बीत जाता है।*

डिजिटल क्रांति ने हमारे जीवन को बदल दिया है। एक तरफ, इसने हमें असीमित जानकारी और कनेक्टिविटी प्रदान की है, लेकिन दूसरी तरफ, इसने हमें एक नई लत की ओर धकेल दिया है- अनंत स्क्रॉलिंग यह एक ऐसी आदत है जो उत्पादक कौशल विकसित करने में लगने वाले हमारे कीमती समय और ध्यान को चुपचाप खा रही है।

**स्क्रॉलिंग का प्रभाव :** स्क्रॉलिंग से तात्पर्य सोशल मीडिया फ़ीड, रील्स, शॉर्ट्स या किसी भी ऐसी डिजिटल सामग्री को लगातार ऊपर-नीचे करते रहने से है जो कभी खत्म नहीं होती। डोपामाइन लूप- सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म इस तरह से डिज़ाइन किए गए हैं कि वे हर नए पोस्ट के साथ हमारे मस्तिष्क में डोपामाइन (खुशी से जुड़ा रसायन) का एक छोटा-सा रिसाव करते हैं। यह निरंतर रिवॉर्ड चक्र हमें लगातार और स्क्रॉल करने के लिए मजबूर करता है, जिससे एक लत बन जाती है। घटती एकाग्रता-रील्स और शॉर्ट-फॉर्म वीडियो (छोटी अवधि के वीडियो) के कारण हमारा ध्यान अवधि कम हो रहा है। हमारा मस्तिष्क लगातार नई और उत्तेजक जानकारी की अपेक्षा करने लगता है, जिससे लंबी, जटिल या धीमी गति वाली गतिविधियों, जैसे कि पढ़ाई या किसी कौशल को सीखने पर ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है। समय की बर्बादी- जो समय किसी नई भाषा सीखने, कोडिंग का अभ्यास करने, कोई रचनात्मक प्रोजेक्ट पूरा करने या शारीरिक व्यायाम करने में लग सकता था, वह अक्सर बिना किसी उत्पादक परिणाम के स्क्रॉलिंग में बीत जाता है। मानसिक स्वास्थ्य पर असर- लगातार दूसरों की परफेक्ट लाइफस्टाइल देखने से तुलना की भावना, कम आत्म-सम्मान, और चिंता बढ़ सकती है, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

**कौशल का महत्व :** कौशल वे क्षमताएं हैं जो हमें वास्तविक दुनिया में काम करने, समस्याओं को हल करने और उत्पादक बनने में सक्षम बनाती हैं। कौशल हमें डिजिटल दुनिया की अस्थायी खुशी से हटकर, जीवन में स्थायी मूल्य प्रदान करते हैं।

वास्तविक दुनिया का मूल्यः प्रोग्रामिंग, ग्राफिक डिजाइन, लेखन, सार्वजनिक भाषण, वित्तीय साक्षरता या रचनात्मक कला जैसे कौशल हमारी नौकरी की संभावनाओं को बढ़ाते हैं और हमें अपने करियर में आगे बढऩे में मदद करते हैं।

समस्या समाधान-कौशल हमें जटिल समस्याओं का सामना करने और उनका समाधान खोजने के लिए गहन सोच विकसित करने में मदद करते हैं। यह क्षमता स्क्रॉलिंग से ध्यान भंग हुए मन में विकसित नहीं हो सकती। आत्म-संतुष्टि- किसी कौशल को सीखने या उसमें महारत हासिल करने से जो आत्म-संतुष्टि मिलती है, वह स्क्रॉलिंग से मिलने वाली क्षणिक खुशी से कहीं अधिक गहरी और टिकाऊ होती है।

**स्क्रॉलिंग से कौशल की ओर कैसे बढ़ें? :** स्क्रॉलिंग की लत को छोडऩा और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करना एक सचेत प्रयास है। स्व-जागरूकता-सबसे पहले यह पहचानें कि आप अपना कितना समय स्क्रॉलिंग में बिता रहे हैं। फोन के स्क्रीन टाइम फीचर का उपयोग करें।

## विरोधाभास — बढ़ता राजस्थान

### सुख से दुःखी



**रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी अलवर संस्करण**

जरूरी नहीं कि किसी चीज की अनुपलब्ध्ता हमे आत्महत्या के लिए प्रेरित कर सकती है, अनेक ऐसे प्रसंग हैं कि वही चीज जिसके न मिलने पर हम आत्महत्या कर रहे थे वो मिल गई लेकिन उसी की उपलब्धता हमारी आत्म हत्या का कारण बनी। आत्मदेव बहुत विद्धवान ब्राह्मण थे उनके कोई पुत्र न था,तो जीवन निराधार समझ के वे आत्महत्या करने जा रहे थे, एक संत ने फल दिया कि पत्नी धुंधली को खिला देना उससे पुत्र की प्राप्ति होगी,फल घर लाए लेकिन धुंधली ने फल गाय को खिला दिया और अपनी गर्भवती बहन से संतान ले ली। हम सब भी धुंधली ही हैं मित्रों,इसलिए कपड़े की भांति रोज गुरु और भगवान बदल रहे हैं। इसलिए गाय के गोकर्ण जी पैदा हुए और धुंधली के धुँधकारी। धुँधकारी बड़ा ही नीच,अधम व दुष्ट था इसलिए एक बार फिर आत्मदेव आत्महत्या के लिए निकल पड़े। कारण पिछली बार भी पुत्र था। कारण इस बार भी पुत्र ही है। थोड़े को ज्यादा व खत को तार समझिये कि जिसके न मिलने के कारण हम बेचैन रहते हैं वही हमे बैचेन कर सकता है। मसलन ए.सी नहीं था तब बेचैन थे अब ए.सी आ गया,चल भी रहा है लेकिन भीषण गर्मी में यदि ठंडक नहीं कर रहा तो भी बेचैन ही हैं। जिसका न होना बैचेनी का कारक है उसी के कारण बेचैनी हो सकती है।

ये सब कुछ हमारे विचार ही तो है जो हमे दुःखी या सुखी करवाते हैं।

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# कड़ाके की ठंड में भी शरीर को अंदर से गर्म रखेंगे ये 5 योगासन, आज से शुरू कर दें अभ्यास

देश के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड पडऩे लगी है। कोहरे, शीत लहर और धुंध के कारण अब लोग घरों से ज्यादा बाहर नहीं निकल रहे हैं। सर्दियों के मौसम में लोग खुद को गर्म करने के लिए तरह-तरह के उपाय करते हैं। सर्दी से राहत पाने के लिए लोग स्वेटर-जैकेट पहनते हैं, तो वहीं हीटर और ब्लोअर के सामने बैठकर खुद को गर्म रखने की कोशिश करते हैं। इसके अलावा, सर्दियों में लोग अपनी डाइट में ऐसे फूड्स को शामिल करते हैं, जो बॉडी को अंदर से गर्म रखें। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सर्दियों में शरीर को गर्म रखने के लिए आप अपने डेली रूटीन में कुछ योगासनों को शामिल कर सकते हैं। आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे योगासनों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो सर्दियों में बॉडी को गर्म रखने के साथ-साथ सेहत को अन्य कई लाभ भी देते हैं। तो आइए, जानते हैं इसके बारे में विस्तार से - भुजंगासन- इस आसन को करने के लिए योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं। अपनी कोहनियों को कमर से सटा के रखें और हथेलियां ऊपर की ओर रखें। अब धीरे-धीरे सांस भरते हुए, अपनी छाती को ऊपर की ओर उठाएं। उसके बाद अपने पेट को धीरे-धीरे ऊपर उठा लें। इस स्थिति में 30 सेकंड तक रहें। अब सांस छोड़ते हुए, सिर को धीरे-धीरे जमीन की ओर नीचे लाएं। इस प्रक्रिया को आप 3 से 5 बार दोहराएं।

**नौकासन** – इस आसन को करने के लिए योगा मैट पर बैठ जाएं। अब अपनी टांगो को सामने की तरफ फैलाएं। अपने दोनों हाथों को हिप्स से थोड़ा पीछे जमीन पर रखें। अब दोनों पैरों को सीधा रखते हुए ऊपर की तरफ उठाएं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपकी आय बेहतर रहेगी और यदि आपने किसी योजना में धन का इन्वेस्टमेंट किया था, तो वह भी आपके लिए बेहतर लाभ लेकर आएगा।

**वृष**
आज आपको मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा और यदि आप किसी बैंक आदि से कुछ कर्जा लेने की सोच रहे थे, तो उसके भी मिलने की पूरी संभावना है।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए छुटपुट लाभ की योजनाओं पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको अपने किसी वाद-विवाद को लेकर कानून के चक्कर काटने पड़ सकते हैं। सामाजिक कार्यक्रमों से जुडक़र आप अच्छा नाम कमाएंगे।

**कर्क**
आज का दिन विदेशों से व्यापार कर रहे लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में भी स्थिति अनुकूल रहेगी। यदि संतान और आपके बीच कोई लड़ाई झगड़ा की स्थिति उत्पन्न होगी।

**सिंह**
आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए कमजोर रहने वाला है, क्योंकि वह अधिकारियों के सामने काम को लेकर अपनी चलाएंगे, जिससे कि उन्हें डांट खानी पड़ सकती है।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आप अपने मित्र की कमियों को दूर करके चले, तो बेहतर रहेगा।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपनी सेविंग को प्राथमिकता देंगे, इसलिए आप बेफिजूल के खर्च करने से बचेंगे, लेकिन आपको अपनी संतान के व्यवहार मे थोड़ा चेंज लग सकता है। आसपास में कोई वाद-विवाद कानूनी हो सकता है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए लापरवाही से काम करने से बचने के लिए रहेगा। आपका धन कहीं फंसा हुआ था, तो आप उसे भी निकलने की पूरी कोशिश करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको महिला मित्रों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए किसी बड़े निवेश को करने के लिए रहेगा। परिवार में बड़े सदस्यों की सेहत को लेकर आपको थोड़ा टेंशन रहेगी। जीवनसाथी की ओर से आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है।

**मकर**
आज आपको अपने जरूरी कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। अनुभवी व्यक्तियों का आपको मार्गदर्शन मिलेगा। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होने से खुशियां भरपूर रहेगी। आप अपने भविष्य को लेकर सुनहरे सपने देखेंगे।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए कारोबार में बढिय़ा रहने वाला है। आप अपने विरोधियों को भी परास्त करने में कामयाब रहेंगे और आपको अच्छे बुरे की पहचान रहेगी, इसलिए आप किसी काम में बहुत ही सोच समझकर आगे बढ़ेंगे।

## स्वच्छ भारत अभियानः अतिरिक्त जिला कलक्टर की अगुवाई में राजकीय कार्यालय में की एक घंटे सफाई



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वच्छ भारत अभियान के तहत मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारियों, कार्मिकों ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर में वृद्ध सफाई अभियान चलाया। जिसके तहत पार्किंग स्टैण्ड, कलेक्ट्रेट प्रांगण में सफाई की गई। साथ ही, जिला रसद कार्यालय, नगर परिषद, खेल कूद प्रशिक्षण केन्द्र, कार्यालय परियोजना निदेशक, आबकारी विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न शाखाओं, गैलरी, प्रांगण एवं सम्पूर्ण परिसर में गहन साफ सफाई की। इस दौरान रा.उ.मा.विद्यालय मानटाउन के विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता को लेकर रैली निकाली गई। उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य के समस्त सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों,बोर्ड एवं निगम में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा साफ-सफाई अभियान को सफल बनाने में योगदान दिए जाने के निर्देशों की पालना सुनिश्चित की गई।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन पर विप्र फाउंडेशन द्वारा गौसेवा, दीर्घायु की कामना

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ गंगापुर सिटी (राकेश शर्मा)।** मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार, विप्र गौरव भजनलाल शर्मा के जन्मदिन के पावन अवसर पर विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन एक-डी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. हेमंत शर्मा के नेतृत्व में संगठन के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों ने गंगापुर सिटी के दशहरा मैदान स्थित श्री गोपाल गोशाला पहुंचकर गौमाताओं को हरा चारा, गाजर एवं पालक खिलाकर उनके दीर्घायु, सुखद एवं यशस्वी राजनीतिक, सामाजिक एवं पारिवारिक जीवन की मंगलकामना की। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विप्रजनों ने गौसेवा के माध्यम से मुख्यमंत्री शर्मा के स्वस्थ, दीर्घायु एवं निरंतर प्रगतिशील जीवन के लिए भगवान परशुराम से प्रार्थना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दिलीप तिवाड़ी, सर्व ब्राह्मण महासभा जिला अध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु गुरुजी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद पाराशर, युवा जिलाध्यक्ष धनेश शर्मा, तलावड़ा मंडल अध्यक्ष शिवचरण शर्मा 'अन्ना', महामंत्री मदन मोहन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष गोविंद सहाय शर्मा, युगल किशोर चतुर्वेदी, श्याम सुन्दर शर्मा सहित विप्र फाउंडेशन के अनेक पदाधिकारी एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।



## नगरफोर्ट में पंचायत समिति व उपखंड कार्यालय की मांग को लेकर भूख हड़ताल शुरू

बढ़ता राजस्थान

**नगरफोर्ट/टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** नगरफोर्ट अटल भाजपा सहयोगी मंच के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में नगरफोर्ट में पंचायत समिति और उपखंड कार्यालय खोलने तथा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर महिला डॉक्टर की नियुक्ति की मांग को लेकर मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम तहसीलदार नगरफोर्ट को ज्ञापन सौंपे जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने से नाराज होकर सोमवार को अटल भाजपा सहयोगी मंच के जिला अध्यक्ष प्रहलाद सुवालका एवं ओमप्रकाश भंडारी भूख हड़ताल पर बैठ गए। दोनों कार्यकर्ता तहसील क्षेत्र मुख्यालय नगरफोर्ट में लाइब्रेरी के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर बैठे हैं। प्रहलाद सुवालका व ओमप्रकाश भंडारी ने बताया कि उन्होंने कई बार मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार एवं जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार नगरफोर्ट को ज्ञापन सौंपकर जनहित से जुड़ी इन महत्वपूर्ण मांगों की ओर ध्यान आकर्षित किया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मजबूरन उन्हें तहसील मुख्यालय के बाहर भूख हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा है। ज्ञापन में बताया गया कि नगरफोर्ट भौगोलिक दृष्टि से टोंक जिले का महत्वपूर्ण तहसील मुख्यालय है, जो बूंद जिले की तहसील नैनवा तथा टोंक जिले की दूनी, टोंक और उनियारा तहसीलों की सीमा पर स्थित है। वर्तमान में पंचायत समिति व उपखंड कार्यालय देवकली में स्थित होने से नगरफोर्ट से लगभग 70 किलोमीटर दूर होने के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आवगमन में अधिक समय और धन खर्च होने से लोगों के कार्य समय पर नहीं हो पाते। इसके साथ ही राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरफोर्ट में महिला डॉक्टर की नियुक्ति की मांग भी की गई है।



## शहरी समस्या समाधान शिविर आज से

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** नगर पालिका के तत्वावधान में शहरी समस्या समाधान शिविर 17 से 24 दिसंबर तक नगर पालिका कार्यालय में आयोजित होंगे। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने बताया कि शिविर में शहरी सेवा अनुवर्ती शिविर 2025 में प्राप्त एवं शहरी समस्या समाधान में प्राप्त आवेदनों व प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने शहर वासियों को शिविर में भाग लेकर राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त शिथिलता व छूट का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि सभी कैंप नगर पालिका कार्यालय पर ही आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि 17 दिसंबर को वार्ड 1 से 6 तक, 18 दिसंबर को वार्ड 7 से 12 तक, 19 दिसंबर को वार्ड 13 से 18 तक, 20 दिसंबर को वार्ड 19 से 24 तक, 22 दिसंबर को वार्ड 25 से 30 तक, 23 दिसंबर को वार्ड 31 से 36 तक व 24 दिसंबर को वार्ड 37 से 40 तक का शिविर आयोजित होगा।

## रेलवे ओवर ब्रिज के लिए अवाप्त भूमि पर आज होगी कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** रेलवे ओवर ब्रिज के लिए अवाप्त भूमि पर से अपना कब्जा हटाने के लिए सक्षम प्राधिकारी एवं उपखंड अधिकारी ने 16 दिसंबर तक की समय सीमा तय कर दी थी। कब्जा नहीं हटाने पर 17 दिसंबर को प्रशासन कार्यवाही करने के आदेश जारी किए थे। भूमि अवाप्त प्राधिकारी एवं उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा ने बताया कि अर्जन, पुनर्वास, पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 के तहत सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड निवाई द्वारा अवाप्त शुदा भूमि के मालिकों ने मुआवजा प्राप्त कर लिया। लेकिन अभी तक अपना कब्जा नहीं हटाया है।

# मतदाता सूचियों के प्रारुप प्रकाशन को लेकर राजनैतिक दलो की बैठक

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देषानुसार 16 दिसम्बर 2025 को मतदाता सूचियों के प्रारुप प्रकाशन को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) कल्पना अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक भी आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न राजनैतिक दलों बीजेपी से प्रभु बाडोलिया, आईएनसी से हरि प्रसाद बैरवा एवं सीपी श्रीवास्तव, बीएसपी से सर्वेश कुमार मेहरा, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से राजेन्द्र चौधरी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया (मार्क्ससिस्ट) से अख्तर जंग, आम आदमी पार्टी से जगदीश वर्मा मौजूद रहें।

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची की दो प्रतियाँ (एक हार्ड एवं एक सॉफ्ट कॉपी) एवं एएसडी निर्वाचकों की सूची पेन ड्राइव में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करवाने की सूचना प्रदान की है। जिला स्तर से भी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रारूप मतदाता सूची एवं एएसडी निर्वाचकों की सॉफ्ट कॉपी पेन ड्राइव में उपलब्ध करवा दी गई है। उन्हें प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपश्रियों तथा नव मतदाता पंजीकरण हेतु फॉर्म-6 मय घोषणा पत्र प्रस्तुत करने के संबंध में भी जानकारी उपलब्ध कराई गई। घोषणा पत्र द्वारा आवेदक स्वयं अथवा उनके माता-पिता के नाम की गत गहन पुनरीक्षण से मैपिंग की जाती है। इसी के साथ जिले एवं विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की सुविधा हेतु 1200 से अधिक मतदाताओं वाले बूथों का भी पुर्नगठन किया गया है। पूर्व में जिले में 1105 मतदान केन्द्र थे, जिनका पुनर्गठन एवं सुव्यथीकरण कर 204 नवीन मतदान केन्द्र सृजित हुए हैं और वर्तमान में जिले/ विधानसभा क्षेत्र में 1309 मतदान केन्द्र हो गये हैं। इस प्रकार जिले/ विधानसभा क्षेत्र में 1200 से अधिक मतदाताओं वाला कोई भी मतदान केंद्र शेष नहीं है।

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) ने बताया कि आयोग द्वारा प्रसारित कार्यक्रम के अंतर्गत 16 दिसम्बर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किये जाएंगे। इस अवधि में प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित मतदाताओं के संबंध में अथवा अन्यथा भी मतदाता सूची के संबंध में दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती है। संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावे एवं आपत्तियों हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची फॉर्म 9, 10, 11, 11ए और 11बी में तैयार की जावेगी। साथ ही ऐसी सूचियों की एक प्रति उनके कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रत्येक कार्य दिवस को प्रदर्शित की जावेगी। संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रति सप्ताह प्राप्त होने वाले दावे एवं आपतियों की सूचियां मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से साझा करेंगे।

उन्होंने बताया कि ईआरओ के निर्णय के विरूद्ध 15 दिवस में प्रथम अपील अधिकारी ''जिला मजिस्ट्रेट'' को की जा सकती है तथा इस अपील के निर्णय से असंतुष्ट होने की स्थिति में द्वितीय अपील प्रथम अपील अधिकारी के निर्णय के विरूद्ध अगले 30 दिवस में द्वितीय अपील अधिकारी ''मुख्य निर्वाचन अधिकारी'' को अपील की जा सकेगी।

इसके पश्चात आयोग द्वारा निर्धारित 14 फरवरी 2026 को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

# गंदगी देख भडक़ीं कलेक्टर, बोलीं- अपना घर भी ऐसे ही गंदा रखते हो क्या?

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य के टोंक जिले में मंगलवार की सुबह टोंक जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने जिले के मुख्यालय स्थित सरकारी कार्यालयों में अचानक दौरा किया. राज्य सरकार के आदेश के मुताबिक आज से हर दफ्तर में एक घंटे का सफाई अभियान चलाना था. लेकिन कलेक्टर को कई जगहों पर कर्मचारी सफाई का काम छोडक़र बैठे मिले. जहां-जहां सफाई होनी थी वहां गंदगी का ढेर नजर आया. इससे नाराज कलेक्टर ने कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि क्या अपने घरों को भी ऐसे ही गंदा रखते हैं आप? ऐसा नहीं चलेगा आप तुरंत सफाई का काम शुरू करें।



**कर्मचारियों को लगाई लताड़**

कलेक्टर का यह दौरा सरकारी दफ्तरों की हकीकत सामने लाया. कई कार्यालयों में कर्मचारी सफाई करने की बजाय इधर-उधर की बातों में लगे थे. कहीं कागजों का ढेर बिखरा पड़ा था तो कहीं धूल की मोटी परत जमी हुई थी। कल्पना अग्रवाल ने हर जगह जाकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों से साफ-साफ कहा कि दफ्तर भी घर जैसा ही होना चाहिए. अगर घर साफ रखते हो तो यहां क्यों लापरवाही बरत रहे हो? कलेक्टर की इस सख्ती से कर्मचारी सकते में आ गए और तुरंत झाड़ू-पोछा लेकर काम पर लग गए. अधिकतर जगहों पर सफाई व्यवस्था की हालत देखकर कलेक्टर बेहद नाखुश नजर आईं। उन्होंने चेतावनी दी कि आगे से ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**सफाई अभियान पर कलेक्टर की पैनी नजर**

यह निरीक्षण राज्य सरकार के उस आदेश का हिस्सा था जिसमें हर सरकारी कार्यालय में रोजाना एक घंटा सफाई के लिए तय किया गया है. कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि स्वच्छता से ही कामकाज बेहतर होता है. लेकिन टोंक के दफ्तरों में जो स्थिति मिली वह निराश करने वाली थी. कई कर्मचारियों ने सफाई शुरू करने में आनाकानी की लेकिन कलेक्टर की फटकार के बाद सब सक्रिय हो गए।

इस घटना से पूरे जिले में हडक़ंप मच गया है। अब कर्मचारी सफाई को गंभीरता से लेने लगे हैं। कलेक्टर ने कहा कि आगे भी ऐसे अचानक चेकिंग जारी रहेंगी ताकि दफ्तर साफ-सुथरे रहें और जनता को बेहतर सेवाएं मिलें।

## आमजन ने विकास रथ से सुनी राज्य सरकार के दो वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर सरकार की उपलब्धियों, फ्लेगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में विकास रथ निरंतर भ्रमण कर रहे हैं। विकास रथों में स्थापित एलईडी के माध्यम से आमजन को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से रूबरू किया जा रहा है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया ने बताया कि सोमवार को विकास रथ सवाई माधोपुर की मखौली, दोबड़ा कलां, सेलू, गोगोर एवं मैनपुरा, खण्डार की नायपुर, तलावड़ा, गोठबिहारी स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र एवं खण्डार तहसील के सामने शुक्ला तिराहा, गंगापुर सिटी की नारायणपुर टटवाड़ा, हीरापुर एवं तलावड़ा तथा बामनवास की सुकार, रिवाली, सांचौली, नारौली चौड़ स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिचपुरी ग्राम पंचायतों में पहुंचे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा विकास रथों का जगह-जगह स्वागत किया गया तथा आमजन ने ऑडियो-वीडियो प्रस्तुतियों के माध्यम से राज्य सरकार के दो वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की।

## जिला कलेक्टर ने स्वच्छता को लेकर विभिन्न राजकीय कार्योलयों का किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल के नेतृत्व में जिले के सभी राजकीय कार्यालय परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिला कलेक्टर ने स्वंय कार्यालयों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया एवं अधिकारी एवं कार्मिकों को अपने कार्मिकों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। जिला कलेक्टर ने एपीआरटीएस, जिला परिषद, कोषाधिकारी, जल संसाधन, उपपंजीयक एवं तहसीलदार कार्यालय समेत कई ऑफिसों का निरीक्षण कर अधिकारी व कार्मिकों को अपने कार्यालय को स्वच्छ रख सकारात्मक स्वच्छ वातावरण विकसित करने के लिए कहा। जिला कलक्टर ने कार्योलयों का निरीक्षण कर बस्तो पर जमी धूल-मिटटी, कबाड़, दस्तावेजों को सुव्यवस्थित रखने, कमरो में से जालों को हटाने, गार्डन विकसित करने समेत कई निर्देश कार्मिकों को दिए। कुछ कार्योलयों में सफाई कार्य नही होने को गंभीरता से लिया और पूरे दिन कार्यालय की सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

## निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा ने जिला विकास प्रदर्शनी एवं अमृता हाट का किया अवलोकन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** राज्य सरकार के दो पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अमृत हाट में लगाई गई जिला विकास प्रदर्शनी का निवाई पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा ने अवलोकन किया तथा प्रदर्शनी की सराहना की। उन्होंने कहा कि आमजन को प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं एवं कार्यो की जानकारी मिल सकेगी। साथ ही जिन योजनाओं के लिए वह पात्र है उनका लाभ ले सकेगें। इस दौरान उन्होंने अमृता हाट मेले का अवलोकन किया तथा विभिन्न स्टोलो पर जाकर लगाई गई सामग्री की जानकारी ली। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि उत्पाद निर्माण और मार्केटिंग स्टेज के साथ साथ इस प्रकार के आयोजन महिलाओं की आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास बढ़ाने में भी सहायक हैं। साथ ही राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक मैरिंगटन सोनी ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित अमृता हाट मेले में राजस्थान के विभिन्न जिलों से 41 स्वयं सहायता समूहों भाग ले रहे हैं। मेले के विविध आकर्षणों में कोटा डोरिया से निर्मित परिधान सामग्री, जूट निर्मित सजावटी वस्तुएं, नारियल फाइबर से निर्मित सजावटी वस्तुएं, कैरी बैग,खिलौने, कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित खाद्य उत्पाद,मसाले,नमकीन,पापड़,आचार इत्यादि, हस्त निर्मित साबुन, डिटर्जेंट, स्नेट्री पैड, हस्त निर्मित आभूषण प्रदर्शनी आदि सम्मिलित हैं। उल्लेखनीय है महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित/मूल्य संवर्धित उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन हेतु मंच प्रदान करने तथा ऐसे उत्पादों की लोकप्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से अमृता एस. एच. जी. हाट बजारों का आयोजन किया जाता है। राज्य स्तरीय एवं संभाग स्तरीय आयोजनों की सफलता के बाद जिला स्तरीय अमृता हाट का आयोजन भी 2016- 17 से किया जा रहा है। ये हाट बाजार दूरस्थ पंचायतों में स्थित स्वयं सहायता समूहों को जिला स्तर पर पहचान एवं रोजगार उपलब्ध करवाने की सफल पहल सिद्ध हुए हैं।



**इन्दिरा मैदान में तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी शुरू**

# जन प्रतिनिधियों ने जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर सवाई माधोपुर में 2 साल नव उत्थान-नई पहचान, बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत मंगलवार को खण्डार विधायक जितेन्द्र गोठवाल एवं जिला कलक्टर काना राम ने तीन दिवसीय जिला विकास प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। इस दौरान जिला प्रमुख सुदामा मीणा, जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, नगर परिषद सभापति सुनील तिलकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे। विकास प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ ही गोठवाल, जिला कलक्टर सहित अन्य अतिथियों ने प्रदर्शनी में दर्शक दीर्घाओं और स्टॉल्स का अवलोकन किया। अतिथियों ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया। साथ ही, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से दिव्यांगजनों को स्कूटी और ट्राइसाइकिल एवं अन्य उपकरण वितरित किए गए। जिला विकास प्रदर्शनी में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रदर्शित गैलेरी में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में गत दो वर्षों में हुए विकास कार्यों तथा उपलब्धियों को रंगीन चित्रों के माध्यम से दिखाया गया है। साथ ही, विभिन्न विभागों की उल्लेखनीय उपलब्धियों और गतिविधियों की जानकारी के लिए स्टॉल्स लगाए गए हैं। अतिथियों ने पंच गौरव की स्टॉल पर सवाई माधोपुर पंच गौरव अमरूद, फुटबॉल, मार्बल मूर्तिकला, नीम, रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा आयुर्वेद विभाग की स्टॉल पर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के आंकड़ों और निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के भवन सहित अन्य विभागीय गतिविधियों के बारे में बताया गया। जल संसाधन तथा जल जीवन मिशन की स्टॉल पर सूरवाल मध्यम सिंचाई परियोजना के बारे में मॉडल प्रदर्शित कर अतिथियों को विस्तृत जानकारी दी गई। जिला विकास प्रदर्शनी के उद्घाटन से पहले स्कूल की बालिकाओं तथा विभागीय अधिकारियों ने अतिथियों का पारम्परिक तरीके से स्वागत किया। दिव्यांगजनों को कुल 20 स्कूटियां तथा 30 ट्राइसाइकिल और अन्य उपकरण वितरित किए गए। प्रदर्शनी को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थी, विभिन्न विभागों के कार्मिक एवं अधिकारी उपस्थित थे।



# सुन्दरता गांवों की लड़कियों में देखनें को मिलती : संगीता बिजलानी
## मिसेज मार्वलस कार्यक्रम में बतौर जज भाग लेने पंहुची

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** बॉलीवुड की अदाकारा संगीता बिजलानी का कहना है कि सुन्दर दिखने के लिये बाह्य आवरण आवश्यक होता है लेकिन आन्तरिक सुन्दरता देखनी चाहिये। वास्तविक, स्वच्छ,और निश्च्छल सुन्दरता गांवो में देखने को मिलती है।

वे आज तथास्तु रिसोर्ट में आयोजित हो रहे मिसेज मार्वलस इंडिया-2025 फैशन शो में बतौर जज भाग लेने पंहुची जहां उन्होंने उक्त बात कही। टेलीविजन,शो पीस बनने हेतु सुन्दर दिखने के लिये मेकअप आवश्यक होता है लेकिन वास्तविक सुन्दरता गांवों में बसती है।

व्यक्ति का आचार विचार और व्यवहार, उनके काम करने का तरीका, बोलने का तरीका, उसका रहन- सहन और शिक्षा-दीक्षा को भी देखा जाता है। फिर उसके आधार पर ही उसकी सुन्दरता का आंकलन बेहतह हो सकता है।

सुन्दरता में गांव की लड़कियां भी किसी से कम नहीं होती है। शहरी सुन्दरतामें मैकअप व कपड़ों कीसुन्दरता अहम होती है। दोनों में क्या फर्क महसूस करतीहैं आप। संगीता ने कहा कि गांव की गोरियों की सुंदरता का तो कोई मुकाबला नहीं होता है। वह तो जन्म से ही सुंदर होती है। मेकअप और कपड़ो ही से ही सुंदरता नही आंकना चाहिये। लेकिन सुंदर दिखने के लिए कपड़े तो पहनना ही पड़ते हैं। कपड़े पहनने का तरीका और मेकअप का तरीका भी आना चाहिये। सुन्दर कपड़े और मैकअप आपकी खूबसूरती को ही बढ़ाते हें, कम नहीं करत हैं। गांवों की लड़कियों को भी अब तो साड़ी कैसे पहनना है, कैसे रहना है यानि जीने के तरीके सीखाये जा रहे हैं।

बिजलानी ने कहा कि उन्हें मॉडल से लेकर एक स्थापित अभिनेत्री बनने तक के सफर में कोई खास संघर्ष नहीं करना पड़ा। हमेशा उनका भाग्य उनके साथ रहा और एक के बाद एक उन्हें काम मिलता गया। कोई भी मॉडल हो या अभिनेत्री हो जब उन्हें काम नहीं मिलने लगता है वह डिप्रेशन में आ जाती है और कई बार सुसाइड जैसी गंभीर घटनाओं को भी अंजाम दे देती है, ऐसी परिस्थितियों से कैसे निपटा जा सकता है। बिजलानी ने कहां कि देखिए अगर कोई भी व्यक्ति ऐसे डिप्रेशन के दौर से गुजरता है तो उन्हें धैर्य से काम लेना चाहिए और जल्दबाजी में कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए जिससे खुद के साथ परिवार को नुकसान हो। उन्हें भी बचपन में उनके माता-पिता ने




योगा करने की सलाह दी और योग सिखाया। इस योग के माध्यम से हम गंभीर से गंभीर तनाव से मुक्ति पा सकते हैं। बॉलीवुड कलाकार कार्यक्रम की निदेशक एवं संस्थापक डॉ. अदिती गोवित्रीकर ने बताया कि इस मिसेज मार्वलस फैशन शो में 35 से 73 वर्ष तक की कच्छ, मुबंई चैन्नई सहित विभिन्न हिस्सों से 26 महिलायें भाग ले रही है। प्रतिभागी महिलायें देश के विभिन्न हिस्सों से आयी है। ये 6 चरणों में रेम्प पर अलग-अलग प्रस्तुति देगी। जहां संगीता बिजलानी,अमृता फडनवीस,ध्रुव सोमानी,मिसेज यूएई वर्ल्ड टेलर एलिजाबेथ जज करेंगी। निवृत्ति कुमारी मेवाड़ बतौर अतिथि मौजूद रहेगी।

# जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने किया जिला स्तरीय प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ, जिले की 'विकास पुस्तिका' का भी किया विमोचन
### डीग के किशन लाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मैं किया गया प्रदर्शनी का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने और लोककल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से मंगलवार को डीग के किशन लाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने फीता काटकर विधिवत शुभारंभ करते हुए डीग जिले की प्रगति और विकास कार्यों पर आधारित विशेष जिला विकास पुस्तिका का विमोचन भी किया। उद्घाटन के पश्चात जिला कलेक्टर कौशल ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में फ्लैक्स और पैनलों के माध्यम से राज्य और केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत ढांचे और कृषि क्षेत्र में हुई अभूतपूर्व प्रगति को दर्शाया गया है।

प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन %विकसित भारत-विकसित राजस्थान% को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों, स्काउट-गाइड्स और आम नागरिकों ने बड़े उत्साह के साथ प्रदर्शनी को देखा और सरकारी योजनाओं की जानकारी ली।

### पुस्तिका में डीग के विकास का लेखा-जोखा

विमोचन समारोह के दौरान जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने कहा कि जिला विकास पुस्तिका में डीग जिले में पिछले कार्यकाल में हुए विकास कार्यों, नवाचारों और भविष्य की योजनाओं का विस्तृत संकलन है। यह पुस्तिका आमजन को सरकार के कार्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहन सिंह, संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग जगदीश प्रसाद, उपनिदेशक (सांख्यिकी विभाग) विकास कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय सिंघल, जिला रसद अधिकारी भागूराम महला, जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारीकुलदीप सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और स्कूल कर्मचारी मौजूद थे।

### ज़िला परिवहन विभाग का व्यापक अभियान
# 40 वाहनों पर रिफ्लेक्टर और चॉकलेट-फूल से चालकों को संदेश



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, सादुलशहर द्वारा मंगलवार को ज़िले में एक व्यापक और बहुआयामी सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। यह पहल जिला परिवहन अधिकारी श्रीमान रामचरण मीणा के सानिध्य में और परिवहन निरीक्षक प्रवीन बिश्नोई के सक्रिय नेतृत्व में आयोजित की गई। अभियान का उद्देश्य न केवल वाहनों को सुरक्षित बनाना था, बल्कि चालकों को सकारात्मक तरीके से नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना भी था। अभियान के तहत रात के समय दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहनों की दृश्यता बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस दौरान 40 से अधिक वाहनों पर सुरक्षा के लिए रेड रिफ्लेक्टर लगाए गए। रिफ्लेक्टर लगाने के साथ ही, विभाग के कर्मियों ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण नियमों के तहत वाहन चलाने के लिए जागरूक कर पम्पलेट वितरित करने के साथ साथ उन्हें हमेशा सीट बेल्ट बांधकर ही वाहन चलाने पर विशेष जोर दिया। तेजाराम नोखवाल ने जानकारी दी कि इस पहल के माध्यम से आज एक ही दिन में 40 से अधिक वाहनों पर रिफलेक्टर टैप लगाकर उनको सुरक्षित किया गया।

# नम्बर किसके आगे बढ़ाते, वे नहीं आए तो ये भी नदारद
### - जिला विकास प्रदर्शनी के आगाज पर जनप्रतिनिधि गैर हाजिर
### जिला प्रभारी मंत्री से लेकर प्रमुख व प्रधान तक नहीं दिखे

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( जीतेश रावल )।** राजकीय महाविद्यालय के विज्ञान भवन में मंगलवार को जिला विकास प्रदर्शनी का आगाज किया गया। राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में शुरू की गई इस प्रदर्शनी के आगाज पर न तो कोई विधायक दिखा और न सांसद। यहां तक कि मंत्री व सांसद के साथ रहकर अपने नम्बर बढ़ाने वाले संगठन के पदाधिकारी भी नदारद थे। जिला प्रमुख व प्रधान तक मौजूद नहीं थे। जिलाध्यक्ष, महामंत्री व संगठन के अन्य पदाधिकारी भी आमतौर पर फोटो सेशन से लेकर मंच साझा करने तक एमपी-एमएलए के साथ ही खड़े मिलते हैं, लेकिन विकास प्रदर्शनी के आगाज पर एक भी मौजूद नहीं था। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रदर्शनी का आगाज जिला प्रभारी मंत्री को करना था, लेकिन वे नहीं आए। प्रभारी मंत्री की गैर मौजूदगी तो रही ही भाजपा से जुड़े स्थानीय जनप्रतिनिधि तक नहीं आए।



**इस तरह का शायद पहला मौका है** -सरकारी कार्यक्रमों में संगठन के पदाधिकारी भी लगभग हर समय मौजूद रहते हैं। लेकिन, यह शायद पहला मौका होगा, जिसमें संगठन के पदाधिकारी गैर हाजिर रहे। यहां तक कि एक साथ सभी जनप्रतिनिधियों आखिर इस प्रदर्शनी के आगाज पर क्यों नहीं आए यह विचारणीय बिंदू है। आमतौर पर लगभग सभी कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधि तो क्या भाजपा से जुड़े लोगों की भी बराबर भागीदारी रहती है।

**जिला कलक्टर को फीता काटना पड़ा** -जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने जिला विकास प्रदर्शनी का फीता काटकर आगाज किया। उन्होंने अधिकारियों को इस प्रदर्शनी के माध्यम से विभागीय योजनाओं के अधिकतम प्रचार के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने एक-एक पैनल का बारीकी से अवलोकन किया। चित्रों के माध्यम से दर्शाई गई विकास यात्रा की सराहना की। उन्होंने युवाओं व नागरिकों से प्रदर्शनी का लाभ उठाने का आग्रह किया। एडीएम राजेश गोयल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद्र अग्रवाल, पीआरओ धीरजकुमार दवे, वाटरशेड एसई संजयकुमार दवे समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

# ग्रामीण समस्या समाधान शिविर में हुआ ग्रामीणों की समस्याओं समाधान




बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार वर्तमान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर ग्रामीण समस्या समाधान शिविर 16 से 24 दिसम्बर तक प्रत्येक भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त पर आयोजित होंगे। जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने अभियान के सफल क्रियान्वयन, मॉनिटरिंग एवं समीक्षा के लिये दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

इसी क्रम में मंगलवार को श्रीगंगानगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत चक महाराजका व गंगानगर, पदमपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत संगराना व थांदेवाला, अनूपगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 2 पीजीएम-बी एवं 20 एलएम लूणिया, श्रीकरणपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत श्रीकरणपुर व 9 एफए, सादुलशहर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत खाटसजवार, रायसिंहनगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बज्जूवाला व सतजण्डा, श्रीविजयनगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत जैतसर, घडसाना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 2 एमएलडी-ए, सूरतगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत भैरूपुरा व रामसरा जाखड़ान में ग्रामीण समस्या समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविरों में राजस्व विभाग द्वारा लम्बित फार्मर रजिस्ट्री को पूर्ण करना, किसान गिरदावरी एप डाउनलोड करवाना, राजस्व न्यायालयों के लम्बित नोटिसों की तामिली, कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार करना, सहमति से विभाजन, नामांतकरण, मूल निवास व जाति प्रमाण पत्र जैसे कार्य सम्पादित कर ग्रामीणों को राहत दी गई।

### 17 दिसम्बर को यहां आयोजित होंगे शिविर

ग्रामीण समस्या समाधान शिविर के तहत 17 दिसम्बर को श्रीगंगानगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत हिन्दुमलकोट व शिवपुर फतूही, पदमपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 56 एफ, अनूपगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत अनूपगढ, श्रीकरणपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मानकसर व जोरावरसिंहपुरा, सादुलशहर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत चौधरी चेतरामवाला, रायसिंहनगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत भोमपुरा व रायसिंहनगर, श्रीविजयनगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 12 जीबी, घडसाना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 2 केएलडी व जोरावरपुरा-बी, सूरतगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बख्तावरपुरा व भगवानगढ़ में शिविर आयोजित होंगे।

# सैनिकों के त्याग और बलिदान से ही देश की सीमाएं सुरक्षित है : कर्नल ओमवीर सिंह
## 1971 के युद्ध में शहीदों को नमन कर मनाया विजय दिवस

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग में विजय दिवस के अवसर पर मंगलवार को शहीद स्थल पर आयोजित समारोह का मुख्य अतिथि कर्नल ओमवीर सिंह सिनसिनवार, विशिष्ट अतिथि एसडीएम मुकेश चौधरी , ए एस पी अखिलेश शर्मा सीओ सीताराम वैरवा और एक्स सर्विसमैन लीग के एक्स सर्विसमैन लीग डीग के अध्यक्ष कैप्टन अशोक कुमार और भरतपुर स्टेशन हैड क्वाटर से आए रीत बैरल ने 1971 के युद्ध में शहीद हुए वीर सपूतों को नमन करते हुए शहीद स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित किए। शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन रखा गया । एस डी एम मुकेश चौधरी ने मंचासीन 1971 युद्ध के महानायक कैप्टेन विजेन्द्र सिंह, सुबेदार मेजर शिवसिंह (युद्ध 1961,62, 65, 71) सूबेदार मेजर रतन सिंह, सूबेदार वासुदेव, सूबेदार शोभाराम, हवलदार सीताराम (युद्ध 1961, 62, 65,1971), हवलदार भगमल, हवलदार रामजीलाल, सार्जेंट शगुन गुप्ता, हवलदार शेरसिंह का युद्ध में भाग लेकर वीरता दिखाने के लिए साफा और फूलमाला पहना



कर सम्मान किया। इस दौरान सम्मानित सैनिकों ने युद्ध के संस्मरण सुनाए। मंच संचालक कवि चंद्रभान वर्मा चंद्र और कवियों द्वारा वीर रस की कविताओं सुनाकर शहीदों को नमन किया गया।

एस डी एम मुकेश चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हम सैनिकों की बदौलत ही चैन से सो पा रहे हैं । जो सैनिक राष्ट्र की सीमा पर डटे रहकर देश की रक्षा करते हैं ।अपना सब कुछ त्याग कर देश के लिए समर्पित हो जाते है। में उनके देश प्रेम, त्याग और बलिदान को नमन करता हूँ । मुख्य अतिथि कर्नल ओमवीर सिंह ने कहा कि जीवन साहस के नाम सोचने से ही युद्ध को जीतने में सफलता मिलती है जो ऑपरेशन सिन्दूर में देखा गया। गुर्जर अठ्ठाईसी के अध्यक्ष और कवि राजेंद्र सिंह ने खून है तो जीवन है कविता के माध्यम से शहीदों को नमन किया।

इस मौके पर कैप्टन बच्चू सिंह, कैप्टेन जोगिंदर सिंह, सुबेदार मेजर हरवीर सिंह कैप्टन सूरजमल, सुबेदार साहब सिंह, हवलदार राजबीर सिंह काजला, हवलदार राजेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और शहरवासी मोजूद थे।

# सुरभि सिंघल प्रदेश महिला अध्यक्ष मनोनीत

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ पश्चिमी राजस्थान के पद पर श्रीमति सुरभि सिंघल को मनोनीत किया हे। श्रीमति सुरभि सिंघल पूर्व में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के पद पर रह चुकी हैं। वर्तमान में भी समाज एवं कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़ी हुई हे। समाज सेवा की लगन को देखते हुए सुरभि सिंघल को प्रदेश की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। सुरभि की नियुक्ति राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष मृदुला अग्रवाल एवं प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल की अनुशंसा पर की गई।

# पुलिस अलाव तापती रह गई और चोर जेवरात चुरा ले गए
### - पुलिस गश्त को ठेंगा दिखाते हुए सदर बाजार में सेंधमारी
### - आक्रोशित व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** शहर के सदर बाजार में सोमवार रात चोर एक ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए मूल्य के जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस गश्त को ठेंगा दिखाते हुए चोरों ने दुकान का शटर तोड़ा तथा जेवरात व सीसी टीवी कैमरे की डीवीआर तक ले गए। पुलिस के अनुसार व्यापारी कमलेशकुमार पुत्र माणकचंद सोनी ने रिपोर्ट देकर बताया कि सोमवार रात को वह दुकान बढ़ाकर घर गया था। मंगलवार सुबह शटर खुले दिखने पर आसपास के लोग एकत्र हुए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू की। व्यापारी ने बताया कि दुकान से भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात व नकदी चोरी हुए हैं। उधर, बताया जा रहा है कि पुलिसकर्मी रात को गश्त पर आते तो हैं, लेकिन नीलवणि चौक के आसपास अलाव तापते रहते हैं। ऐसे में सदर बाजार की दुकानें भगवान भरोसे ही हैं।

### वारदात के विरोध में बंद रहा बाजार

सदर बाजार में हुई इस तरह की वारदात से व्यापारियों में रोष पनप गया। आक्रोशित व्यापारियों ने शहर में प्रदर्शन किया तथा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। वारदात के विरोध में शहर का ज्वेलरी बाजार बंद रहा। उनका कहना रहा कि सदर बाजार तक चोरों के निशाने पर है तो शहर की सुरक्षा किस तरह हो पाएगी।

### वारदात के लिए वैन लेकर आए चोर

बताया जा रहा है कि चोर एक वैन में आए थे और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। वैन के आने-जाने के रास्तों को लेकर भी सुराग तलाशे जा रहे हैं। उधर, सूचना मिलते ही डीएसपी मुकेश चौधरी, कोतवाल कैलाशदान समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। आसपास की अन्य दुकानों के सीसी टीवी फुटेज टटोले गए, ताकि सुराग मिल सके।



# वरिष्ठ पत्रकार कवंरलाल भण्डारी का निधन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** चित्तौड़गढ़ के वयोवृद्ध पत्रकार कंवरलाल भण्डारी का 86 वर्ष की आयु में यहां मंगलवार को निधन हो गया। आप कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। राजस्थान पत्रिका एवं हिन्दुस्तान समाचार न्यूज एजेन्सी सहित अनेक समाचार-पत्रों को आपने प्रतिनिधि के रूप में वर्शो तक सेवायें दी। 60 वर्श पूर्व चित्तौड़गढ़ की समस्याओं को राज्य एवं राश्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने में आपकी भूमिका प्रमुख रही है। धुन के धनी, निर्भिक एवं प्रामाणिक जीवन जीकर आपने चितौडगढ जिले में अपनी विषेश पहचान बनाई। अन्याय एवं अनीति के खिलाफ निडर होकर आवाज उठाने में आपकी लेखनी हमेषा सक्रिय रही। आप चितौडगढ कर सलाहकार संघ के अध्यक्ष भी रहे। राजस्थान के मुख्यमंत्री और बाद में उपराष्ट्रपति रहे भैरोसिंह शेखावत सहित आप अनेक अधिकारियों के भी निकट रहे। मित्रता एवं आपसी संबंधों को निस्वार्थ भाव से निभाने की आपकी विषेशता के कारण सभी आपको पूर्ण आदर एवं सम्मान देते थे। आपके एक पुत्र गोपेन्द्र भारतीय सेना में कर्नल पद पर अपनी सेवाऐं दे रहे है। मंगलवार दोपहर बाद आपके निवास स्थान चन्दनपुरा से शव यात्रा शहर श्मशान घाट पर जाकर आपका अन्तिम संस्कार कर दिया गया। नगर के गणमान्य लोगों ने शवयात्रा में भाग लेकर आपको भावभीनी श्रद्धाजंली अर्पित की।

## सुशासन के दो वर्ष, स्वच्छता का संदेशः शिक्षा विभाग ने झाड़ू उठाकर निभाई जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** वर्तमान राजस्थान सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 11 दिसंबर से 25 दिसंबर तक आयोजित प्रस्तावित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत मंगलवार को राज्य के समस्त राजकीय कार्यालयों में एक घंटे का साफ-सफाई अभियान आयोजित किया गया।



इसी क्रम में मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, ब्यावर परिसर में जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में प्रात: 10.00 बजे से 11.00 बजे तक व्यापक कार्यालय स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया गया। अभियान के दौरान संपूर्ण कार्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की गई, ज्ञान दीवारों पर लगे जाले हटाए गए, तथा कार्यालय में एकत्रित कचरे का विधिवत निस्तारण किया गया इस अवसर पर कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए स्वच्छ, साफ एवं सुव्यवस्थित कार्यस्थल बनाए रखने का संकल्प लिया। अभियान का उद्देश्य न केवल कार्यालय की स्वच्छता सुनिश्चित करना रहा, बल्कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को भी सुदृढ़ करना था । स्वच्छता अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सुशासन की सफलता में स्वच्छ वातावरण की अहम भूमिका होती है और इसे बनाए रखना प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी का नैतिक दायित्व है।

## घीसूलाल कोठारी राजकीय विद्यालय कपासन में बीएलए बैठक का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रकाशित की जाने वाली निर्वाचक नामावली के प्ररूप प्रकाशन की सूचना एवं मतदान केंद्र 149 पर राजनीतिक दलों के बीएलए की बैठक का मंगलवार को मतदान केंद्र घीसूलाल कोठारी राजकीय माध्यमिक विद्यालय कचहरी कपासन पर आयोजन किया गया। नगर पालिका क्षेत्र कपासन के भाग संख्या 149 पर बुथ लेवल अधिकारी द्वारका प्रसाद समदानी की उपस्थिति में मतदान केंद्र पर राजनीतिक दलों के बीएलए सूर्यप्रकाश सिरोया एवं आलोक बाघमार सुपरवाइजर चंद्र प्रकाश सिरोया की उपस्थिति में आयोजित बैठक में नवमतदाताओं के नाम जोडऩे के लिए फॉर्म 6,7 एवं 8 की विस्तृत जानकारी दी गयी।इस दौरान जीएसएस कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर,पूर्व नगर पालिका कपासन अध्यक्ष गजेंद्र बाघमार सहित मतदाता एवं नवमतदाता उपस्थित रहे।

## राजस्थान सरकार का दो वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कपासन के संवर्ग अधिकारियों एवं कार्मिकों ने स्वच्छता का संदेश दिया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** राजस्थान सरकार का दो वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पंचायत समिति कपासन परिसर में समस्त संवर्ग अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा विशेष अभियान के तहत साफ-सफाई कर आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया गया।



पंचायत समिति कपासन के सहायक प्रशासनिक अधिकारी कैलाशचन्द्र गर्ग (सिंहपुर) ने बताया कि राजस्थान सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे समस्त संवर्ग के अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा विशेष अभियान के तहत पंचायत समिति परिसर में मंगलवार को प्रात: 10 से 11 बजे तक साफ-सफाई करते हुवे स्वच्छता का संदेश दिया गया।उक्त कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक समन्वयक मोहनलाल प्रजापत के संयोजन में किया गया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर आयोजित विशेष अभियान में पंचायत समिति कपासन के विकास अधिकारी मुकेश पोरवाल द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कार्मिकों को स्वच्छता शपथ दिलाई गयी।इस अवसर पर अतिरिक्त विकास अधिकारी मोहब्बत सिंह,एमआईएस सुरेश गिरी,सहायक प्रशासनिक अधिकारी अजीज मोहम्मद, वरिष्ठ सहायक गोपाल गौड़,भारत खिंची,आशीष शर्मा, संतोष गुप्ता,प्रोग्रामार दीप्ती टांक,सहायक कृषि अधिकारी बालुराम शर्मा,वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक पारसमल,लेखा सहायक कन्हैयालाल सुथार,कम्प्युटर ऑपरेटर शंकरलाल सालवी,ब्लॉक समन्वयक पुष्पेन्द्र जाखड़,वाहन चालक नाथुलाल जाट,चौकीदार बाबुलाल शर्मा,चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कमला देवी, पार्वती चाष्टा आदि अधिकारी एवं कार्मिकगण उपस्थित रहे।

## जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों का अंतर्राज्यीय भ्रमण दल रवाना

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** ए.पी.जे. अब्दुल कलाम व्यक्तित्व विकास योजना के अंतर्गत मंडल अजमेर द्वारा आयोजित अंतर्राज्यीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए भीलवाड़ा जिले के चयनित प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का 42 सदस्यीय दल मंगलवार को रवाना हुआ।



इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी भीलवाड़ा अरुणा गारू ने पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापू नगर से भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाओं के साथ विदा किया। भ्रमण दल का नेतृत्व भ्रमण दल प्रभारी एवं प्रधानाचार्य महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, पुर के प्रेम शंकर जोशी तथा प्रधानाचार्य सुनीता नानकानी कर रही हैं। यह दल जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में चयनित तथा कक्षा आठवीं और दसवीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व कर रहा है। दूरस्थ क्षेत्रों से आए छात्र-छात्राओं के लिए रात्रि विश्राम एवं अल्पाहार की समुचित व्यवस्था व्याख्याता एम. कोडिस एवं गाइड कैप्टन अमर ज्योति द्वारा की गई।

'नव उत्थान-नई पहचानः बढ़ते राजस्थान की विकास यात्रा को मिली नई पहचान'

# राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ, जिला विकास पुस्तिका का विमोचन

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में 'नव उत्थान - नई पहचान, बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान' थीम पर आधारित जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, जिला कलेक्टर कमल राम मीना, पूर्व सभापति नरेश कनोजिया, पूर्व सभापति शशिबाला सोलंकी, गणपत सिंह रावत सहित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला विकास पुस्तिका का भी विमोचन किया गया उद्घाटन के पश्चात जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया तथा विभागीय अधिकारियों से योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति को लेकर चर्चा की। प्रदर्शनी में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं, नवाचारों एवं विभागीय उपलब्धियों को आकर्षक रूप से प्रदर्शित किया गया है ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार ने सुशासन, विकास एवं जनकल्याण की दिशा में सफलतापूर्वक दो वर्ष पूर्ण किए हैं। इन वर्षों में राजस्थान ने विकास की नई गति पकड़ी है और एक नई पहचान स्थापित की है मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने कहा कि यह प्रदर्शनी राज्य सरकार की दो वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों एवं योजनाओं को प्रभावी ढंग से आमजन के सामने प्रस्तुत करती है। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने बताया कि राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ 13 दिसंबर को विकास रथों की रवानगी के साथ किया गया। इसके अंतर्गत सडक़ सुरक्षा जागरूकता अभियान, 15 दिवसीय स्वच्छता कार्यक्रम, जिला स्तरीय आरोग्य एवं रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। यह प्रदर्शनी 18 दिसम्बर तक आमजन के अवलोकनार्थ खुली रहेगी कार्यक्रम का संचालन जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सतीश सोनी ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्मलाल जाट, उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र, एसीईओ गोपाल लाल सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 11 लाख रुपए की रिश्वत लेते मेडिकल ऑफिसर रंगे हाथों गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) राजस्थान ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भीलवाड़ा के केशव पोरवाल हॉस्पिटल में पदस्थापित मेडिकल ऑफिसर डॉ. पंकज छीपा को 11 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी भीलवाड़ा-द्वितीय इकाई द्वारा की गई। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी को शिकायत प्राप्त हुई थी कि परिवादी के अस्पताल सिद्धी विनायक हॉस्पिटल, भीलवाड़ा के मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के बिलों को लेकर नोटिस नहीं देने, कथित अनियमितताओं को सेटल करने तथा बिल पास करने की एवज में आरोपी द्वारा रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा था। सत्यापन के दौरान आरोपी ने 9.50 लाख रुपये वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. कुलदीप के लिए तथा 1.50 लाख रुपये स्वयं के लिए मांगना स्वीकार किया। शिकायत सत्यापन के उपरांत एसीबी अजमेर रेंज के पुलिस अधीक्षक महावीर सिंह राणावत के सुपरवीजन में 15 दिसंबर 2025 को ट्रैप कार्रवाई की गई। इस दौरान एसीबी भीलवाड़ा-द्वितीय के पुलिस निरीक्षक नरपत सिंह चारण के नेतृत्व में आरोपी डॉ. पंकज छीपा को रिश्वत की मांग के अनुसरण में 2 लाख रुपये की असली भारतीय मुद्रा एवं 9 लाख रुपये के डमी नोट, कुल 11 लाख रुपये लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। अतिरिक्त महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई जारी है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

## श्री महावीर व्यायाम शाला अखाड़ा में बार एसोसिएशन अध्यक्ष का भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** श्री महावीर व्यायाम शाला अखाड़ा कोली समाज, भीलवाड़ा की ओर से भीलवाड़ा बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ का गरिमामय स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राठौड़ ने बढ़लेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग का विधिवत दुग्धाभिषेक कर अपनी ऐतिहासिक जीत के लिए आभार व्यक्त किया। उस्ताद बुद्धि प्रकाश बछापरिया के नेतृत्व में कोली समाज के युवाओं ने अध्यक्ष राठौड़ का अभिनंदन करते हुए उन्हें



शुभकामनाएं दीं। समारोह में ट्रस्ट की ओर से नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री राठौड़ का साफा बंधवाकर, पुष्पहार पहनाकर तथा संविधान की उद्देशिका भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही उनके सहयोगी एडवोकेट मोहम्मद अनीश का भी मारवाड़ी पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों के लिए पारंपरिक सुरण बाटी का भोजन भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सचिव मुरलीधर लोरवाडिया ने बताया कि अपने संबोधन में अध्यक्ष श्री उम्मेदसिंह राठौड़ ने युवाओं से शिक्षा के साथ-साथ संविधान, साइबर लॉ एवं अन्य कानूनों की जानकारी प्राप्त करने का आह्वान किया, ताकि समाज और देशहित में प्रभावी भूमिका निभाई जा सके। समारोह में बोरले गांव के सदस्य सुरेश योगी व अन्य साथी, आदर्श नगर गौशाला के अध्यक्ष भगत सेन सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में विजय दिवस की 55वीं वर्षगांठ गौरव एवं राष्ट्रभक्ति के साथ मनाई गई

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़, (नि.स.)।** सैनिक स्कूल में विजय दिवस की 55वीं वर्षगांठ अत्यंत गरिमा, अनुशासन, शौर्य एवं देशभक्ति की भावना के साथ बड़े ही भव्य एवं प्रेरणादायी रूप में मनाई गई। यह आयोजन भारतीय सेना की ऐतिहासिक विजय, वीर सैनिकों के अदम्य साहस तथा शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करने हेतु समर्पित रहा। इस अवसर पर विद्यालय के शंकर मेनन सभागार में विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा, सैन्य परंपरा एवं राष्ट्रसेवा की भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर मुख्य अतिथि तथा भूतपूर्व सैनिक सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल देव आनंद विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के कैडेट्स द्वारा मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ आर्नर प्रदान किया गया। अतिथियों के आगमन पर विद्यालय के प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया, उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल पारुल श्रीवास्तव एवं प्रशासनिक अधिकारी मेजर सी श्रीकुमार द्वारा पारंपरिक सैन्य शिष्टाचार के साथ स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने सर्वप्रथम विद्यालय परिसर में स्थित स्मृतिका पर पहुंचकर राष्ट्र के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया। यह क्षण सभी उपस्थित जनों के लिए अत्यंत भावुक एवं प्रेरणादायी रहा। शंकर मेनन सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कैडेट अंश बिलवाल ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का औपचारिक परिचय प्रस्तुत किया।

ज्ञान यात्रा पर ब्यावर के होनहारः एपीजे अब्दुल कलाम योजना ने खोले व्यक्तित्व विकास के नए द्वार

## 23 चयनित विद्यार्थियों का 10 दिवसीय अंतरराज्यीय शैक्षणिक भ्रमण दल मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** राज्य सरकार की बजट घोषणा संख्या 231 (सत्र 2023-24) के अंतर्गत संचालित एपीजे अब्दुल कलाम व्यक्तित्व विकास योजना के तहत सत्र 2025-26 में ब्यावर जिले से चयनित विद्यार्थियों के लिए 10 दिवसीय अंतरराज्यीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, ब्यावर अनिल कुमार शर्मा ने बस को हरी झंडी दिखाकर शैक्षणिक भ्रमण दल को विधिवत रवाना किया रवानगी से पूर्व मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों को यात्रा के दौरान अनुशासन, सुरक्षा, समय पालन, आपसी समन्वय तथा भ्रमण के शैक्षणिक उद्देश्य की गंभीरता से पूर्ति करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही




विद्यार्थियों के मार्गदर्शन एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु नामित मेंटर शिक्षकों को भी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए गए । इस शैक्षणिक भ्रमण में ब्यावर जिले से कुल 23 विद्यार्थी सम्मिलित हैं, जिनमें 13 बालिकाएं एवं 10 बालक शामिल हैं। विद्यार्थियों के साथ मेंटर शिक्षक के रूप में राजेश कुमावत एवं हेमलता कुमावत नियुक्त किए गए हैं । यह 10 दिवसीय शैक्षणिक यात्रा 16 दिसंबर से 25 दिसंबर तक आयोजित की जा रही है जिसमें अजमेर-चित्तौडग़ढ़-उज्जैन-ओंकारेश्वर-इंदौर-शम्भाजीनगर-नासिक-दमन-अहमदाबाद होते हुए पुनः अजमेर वापसी का कार्यक्रम निर्धारित है ।उक्त अवसर पर पटेल स्कूल के प्राचार्य रोहित जैन, जिला खेल प्रभारी गोविन्द लाल सैनी,खेल प्रकोष्ठ प्रारंभिक से चेतन सिंह राठौड़, यशपाल यादव ,जितेंद्र साहू सहित कई कार्मिक विद्यमान रहे ।

प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन

# 15 जनवरी तक आपत्तियों के बाद16 जनवरी से दावों का निस्तारण,293 मतदाताओं ने स्वेच्छा से फार्म ही नही भरा

बढ़ता राजस्थान




**चित्तौडग़ढ़, (नि.स.)।** मतदाता सूचियों के विशेश गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में राजस्थान की दस उत्कृश्ट विधानसभाओं में चार विधानसभा हमारे जिले की रही है जिसकी मुख्य आधारशीला बीएलओ व सुपरवाईजर के साथ ही जागरूक नागरिक रहे है। यह बात जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन ने मंगलवार षाम को समिति कक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन ने बताया कि जिले के कुल 14 लाख 10 हजार 621 मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए गए थे। उन्होने बताया कि 4 नवम्बर से प्रारंभ इस प्रक्रिया के प्राथमिक चरण में ही जिले के 73 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग हो गई थी क्योंकि वे 2002 की मतदाता सूची से जुड़ चुके थे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गणना चरण के दौरान 13 लाख 1 हजार 8 सौ पचत्तर मतदाताओं ने अपने गणना प्रपत्र भरकर जमा करवा दिए थे तथा इनके नाम आज जारी प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित कर दिए गए है। उन्होने बताया कि कपासन विधानसभा में 2 लाख 54 हजार दो सौ तीन मतदाता, बेगूं विधानसभा में 2 लाख 72 हजार नो सौ इक्कीस, चित्तौडग़ढ़ विधानसभा में 2 लाख 44 हजार एक सौ इकरानवे, निम्बाहेड़ा विधानसभा में 2 लाख 60 हजार छह सौ अठाईस व बड़ीसादड़ी विधानसभा में 2 लाख 69 हजार नो सौ बत्तीस मतदाताओं ने अपना गणना प्रपत्र भरकर जमा करवा दिया है। उन्होने बताया कि 4 हजार 72 मतदाताओं के नाम दस्तावेज के अभाव में जुड़ नही पाये है। आज प्रारूप मतदाता सूची की एक सॉफ्ट कॉपी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करा दी गई है।

### 293 मतदाताओं ने स्वेच्छा से फार्म ही नही भरा

जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन ने बताया कि मतदाता सूचियों के विशेश गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में जिले में 6 लाख 60 हजार नो सौ उनचालीस पुरूश मतदाताओं ने तथा 6 लाख 40 हजार नो सौ सौलह महिला मतदाताओं ने तथा 20 ट्रांसजेण्डर मतदाताओं ने गणना प्रपत्र भरकर जमा करवाया है। जिले में 293 मतदाताओं ने स्वेच्छा से फार्म नही भरा है जिन्हे अन्य श्रेणी में रखा गया है।

### 15 जनवरी तक आपत्तियों के बाद 16 से निस्तारण

जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन ने बताया कि 16 दिसम्बर से 15 जनवरी 2026 तक दावें एवं आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकेगी। दावे के संबंध में उक्त व्यक्ति को अपने दावे एवं आपत्ति ऑन लाईन अथवा बूथ लेवल अधिकारी अथवा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करा सकते है। संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्राप्त दावे एवं आपत्तियों की सूची फार्म 9, 10, 11, 11 ए और 11 बी में तैयार कर कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित की जावेगी। उन्होने बताया कि ईआरओ के निर्णय के विरूद्ध 15 दिवस के अंदर प्रथम अपील जिला मजिस्ट्रेट को की जा सकती है तथा असंतुश्ट होने पर द्वितीय अपील अगले 30 दिवस में द्वितीय अपील अधिकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी को की जा सकेगी।

# नगर पालिका बोर्ड की हुई चेयरमैन की अध्यक्षता में अंतिम बैठक

## बैठक में पहुंचे पहली बार विधायक जसवंत गुर्जर

### पालिका के घोटाले पर हुई चर्चा, विधायक का आरोप,15 वर्ष से नहीं हुए शहर में कोई विकास कार्य, अब किया जाएगा समाधान

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की नगर पालिका के सन 2020 में बने चेयरमेन कमलेश देवी के नेतृत्व में बने 45 सदस्यों के बोर्ड की मंगलवार को अंतिम बेठक का आयोजन किया गया। नगर पालिका के सभी पार्षदों की विदाई को लेकर आयोजित हुई इस बैठक में पहली बार विधायक जसवंत गुर्जर पहुंचे। उन्होंने बोर्ड के सभी पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा की पूर्व में नगर पालिका का जो माहौल था वह निष्पक्ष नहीं था। पार्षद और पूरा बोर्ड ही राजनीतिक द्वेषता का शिकार था। उपखंड के अधिकारी मौन थे, ऐसे में यहां कोई काम नहीं हो पा रहा था। पूर्व में जो काम हुए वह कागज में होकर रह गए। ऐसे में नगर पालिका के घोटाले को लेकर उन्होंने विधानसभा में प्रश्न लगाया। जिसको लेकर मंत्री ने जांच के आदेश दिए थे और एसडीएम के नेतृत्व में जांच भी प्रक्रिया में चल रही है। अब पार्षदों की अंतिम बैठक भी आहूत हो गई है। आने वाले समय में शहर में अच्छे काम होंगे, इसको लेकर नवीन ईओ को निर्देश दिए हैं। पिछले कुछ दिन में किये गए उनके कार्य की भी जनता सराहना कर रही है। शहर की सड़कों को लेकर पूरी रिपोर्ट बनाई जा रही है। शहर के होद मोहल्ले में वर्षों से पानी निकासी को लेकर जो समस्या बनी हुई है। उसको लेकर डीपीआर तैयार की जा रही है। जल्द समस्या का समाधान किया जाएगा। बोर्ड की बैठक के दौरान विधायक से पार्षदों सहित आमजन ने सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने कहा कि 2 वर्ष से बाड़ी से आपका कोई लेना-देना नहीं रहा, ना ही जनता की समस्याओ पर ध्यान दिया। इस पर विधायक ने कहा कि बाड़ी का माहौल सही नही रह। विधायक बदलने के बाद भी सोच नही बदली थी। अब कुछ सुधार है जिसको देखते हुए वे बाड़ी आये है। जनता के लिए काम किए जाएंगे। सीवर लाइन और पेयजल लाइन द्वारा खोदी गई सड़कों को लेकर भी विधायक ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया।विधायक ने बताया कि वे आम जनता से जुड़ी समस्या को विधानसभा में रखते हैं लेकिन सरकार के मंत्री ध्यान नहीं देते।



#### बंद पड़े मैरिजहोमो को खुले जाने की मांग

बोर्ड की बैठक के दौरान विधायक से शहर के लोगों ने बंद पड़ी मैरिजहोमो को खोले जाने की मांग की। समाजसेवी बालकिशन सरपंच ने बताया कि उनका मैरिजहोम राजनेतिक द्वेषता के चलते बंद किया गया है। इसको खोल जाने की कोई कार्रवाई नहीं हो रही। यहां तक की स्वायत्व शासन विभाग ने भी नगर पालिका के अधिकारियों को नियम अनुसार कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस पर विधायक ने उपखंड अधिकारी और नगर पालिका के अधिकारियों से वार्ता का जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

#### नगर पालिका के घोटाले की हो रही जांच

विधायक जसवंत गुर्जर ने बताया कि नगर पालिका के घोटाले को लेकर मंत्री के निर्देश पर जांच हो रही है। एसडीएम के नेतृत्व में जांच की जा रही है लेकिन चुनाव आयोग के एसआईआर कार्य के चलते इसको रोक दिया गया था। 19 दिसंबर से फिर इस पर जांच होगी और छोटी मछलियों के साथ बड़ी मछली भी फंस सकती है। मैरिज होम नगर पालिका की जांच को लेकर बैठक के बाद विधायक ने उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी के कार्यालय पहुंचे उनसे मामले के संबंध में जानकारी ली। बोर्ड की बैठक के दौरान अध्यक्ष कमलेश देवी, बाइस चेयरमैन अहमद जमा खान के साथ सभी वार्डो के पार्षद, नगर पालिका ईओ अभिताभ मीणा एवं अन्य मौजूद रहे।

# राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ

### प्रदर्शनी से मिलेगी आमजन को योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी-संभागीय आयुक्त

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,( घनश्याम अवस्थी )।** राजस्थान राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को तीन दिवसीय जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया ने बीडीए ऑडिटोरियम में प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर कमर चौधरी ने संयुक्त रूप से जिला विकास पुस्तिका का विमोचन भी किया।

प्रदर्शनी में राज्य सरकार के पिछले दो वर्षों के कार्यकाल में संचालित प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं, नवाचारों तथा उपलब्धियों को आकर्षक एवं प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है। विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण, आधारभूत संरचना, महिला एवं बाल विकास, रोजगार सृजन, नगरीय विकास तथा ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में विभागों द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी आमजन को उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदर्शनी के जरिए सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के लाभार्थियों की सफलता की कहानियां तथा नवाचारी प्रयास भी सामने आए हैं।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया ने कहा कि राज्य सरकार ने पारदर्शी, संवेदनशील तथा विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

उन्होंने इस प्रकार की प्रदर्शनी को सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि इससे जनता को सरकारी प्रयासों की प्रत्यक्ष जानकारी मिलती है तथा प्रशासन और जनता के बीच विश्वास मजबूत होता है।

जिला कलक्टर कमर चौधरी ने कहा कि यह प्रदर्शनी भरतपुर जिले में पिछले दो वर्षों में हुए व्यापक विकास कार्यों, नवाचारों तथा विभिन्न योजनाओं के सकारात्मक प्रभाव को एक मंच पर प्रस्तुत करने का उत्कृष्ट प्रयास है। इससे आमजन को योजनाओं की गहन जानकारी प्राप्त होने के साथ-साथ उनके सफल क्रियान्वयन में जनसहभागिता भी बढ़ेगी। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा, गिरधारी तिवारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) घनश्याम शर्मा, एडीएम सिटी राहुल सैनी, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी एनके वर्मा उपनिदेशक महिला अधिकारिता राजेश कुमार, उपनिदेशक महिला बाल विकास सिकराराम चोयल, शैलेष कौशिक, गिरधारी गुप्ता, रूपेन्द्र सिंह, मोहन रारह, भगवानदास, आकाश हथैनी, पंकज शर्मा, दिनेश भातरा, कुलदीप पोसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# मंगल हाट बाजार व्यवस्था सुदृढ़ करने सहित अनेक दिए सुझाव

### समृद्ध भारत अभियान के निदेशक ने जिला कलेक्टर को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर,( घनश्याम अवस्थी )।** जिला प्रशासन द्वारा मंगल बाजार की हाट को जसवंत प्रदर्शनी स्थल पर स्थापित किया जाना एक दूरदर्शी, जनहितकारी एवं सराहनीय निर्णय है। इस व्यवस्था से सूरजपोल चौराहे से आरबीएम अस्पताल तक लंबे समय से बनी गंभीर यातायात समस्या में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे आम नागरिकों, मरीजों एवं राहगीरों को बड़ी राहत मिली है। साथ ही हाट में दुकानदारों से मात्र 100 प्रति दुकान (10म10 फीट) का शुल्क निर्धारित किया जाना भी गरीब एवं छोटे सामान विक्रेताओं के हित में एक संवेदनशील कदम ळें समृद्ध भारत अभियान संस्था के निदेशक सीताराम गुप्ता ने जिला कलेक्टर, भरतपुर को एक पत्र के माध्यम से हाट बाजार व्यवस्था को और अधिक मानवीय, सुव्यवस्थित एवं न्यायसंगत बनाने हेतु दो महत्वपूर्ण सुझाव भिजवाये हैं। पत्र में गुप्ता ने कहा कि हाट में बैठने वाले गरीब एवं छोटे दुकानदारों को न्यूनतम बुनियादी सुविधाएँ तत्काल उपलब्ध कराई जानी चाहिए। जिनमे मंगल हाट तक उचित सड़क मार्ग, फुटपाथ पर बैठने वाले विक्रेताओं के लिए पक्के प्लेटफॉर्म, धूप-गर्मी एवं वर्षा से बचाव हेतु टीन शेड, साथ ही शौचालय एवं स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था शामिल है। गुप्ता ने जिला प्रशासन से यह भी अपील की है कि इन तर्कसंगत, व्यावहारिक एवं मानवीय सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि भरतपुर शहर में सुव्यवस्थित यातायात, स्वच्छ बाजार व्यवस्था और सामाजिक न्याय की मिसाल स्थापित की जा सके।

# चिकसाना मण्डल में किया रथ यात्रा का स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,( घनश्याम अवस्थी )।** राजस्थान की भजनलाल सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार द्वारा किए गए ऐतिहासिक जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए विकास रथ यात्रा का आयोजन सभी विधानसभाओं में किया जा रहा है । जिसके तहत भरतपुर विधानसभा की चिकसाना मंडल में रथ यात्रा का स्वागत किया गया। रथ यात्रा का स्वागत भरतपुर विधानसभा प्रभारी पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। जिसमें चिकसाना, घुस्यारी आदि पंचायतों में विधि विधान से पूजा कर स्वागत किया



गया और जनकल्याणकारी योजनाओं को ओर अधिक गति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की इस अवसर पर विधानसभा सहसंयोजक मुकेश बिलौठी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष गिरधारी गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष जीतू फौजदार, ओमवीर सिंह सरपंच, मानसिंह सरपंच आदि अनेकों भाजपा कार्यकर्ता तथा गांव के पुरुष महिला नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने किया जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का अवलोकन, जिला विकास पुस्तिका का किया विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** जिले के प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने मंगलवार को राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना केंद्र में 2 साल नव उत्थान-नई पहचान, बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान थीम पर आयोजित जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रभारी मंत्री ने इस दौरान जिले में किये गये नवाचारों एवं विभिन्न विभागों द्वारा विगत दो वर्ष में हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निरामय राजस्थान अभियान, पीएम सूर्यघर योजना, युवाओं को नियुक्तियां, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान, यूनिटी मार्च, पालनहार योजना, नीति आयोग के सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मुख्यमंत्री निशुल्क जांच, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा, नए चिकित्सा संस्थान, नवाचार, वन विभाग, हरियालो राजस्थान, बीएससी नर्सिंग कॉलेज, उज्ज्वला योजना, मनरेगा सहित जन सुनवाई एवं रात्रि चौपाल विभिन्न विभागों की उपलब्धियों से संबंधित प्रदर्शनी को देखा। जिला प्रभारी मंत्री ने सूचना केन्द्र में जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, सहायक निदेशक सूचना एवं जन सम्पर्क राजकुमार मीणा, प्रदीप किशोर जोनवाल, प्रवीन अवस्थी, सुधांशु सक्सैना, आदित्य शर्मा, अंकित कुमार बंशीवाल, जिला अध्यक्ष भाजपा राजवीर सिंह राजावत, प्रधान दुष्यंत बघेल, वाचाराम बघेल, डॉ. शिवचरण कुशवाह, जसराज, विक्रम चौधरी, तोताराम सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जिलेभर सभी कार्यालयों में चला सफाई अभियान

# स्वच्छता को दैनिक कार्य संस्कृति का बनाएं हिस्सा - जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर,( घनश्याम अवस्थी )।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में चल रही विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत मंगलवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। राज्य सरकार के निर्देश पर यह अभियान कार्यालय परिसरों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और कार्यक्षम बनाने तथा अधिकारियों-कर्मचारियों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से चलाया गया।

जिला कलक्टर कमर चौधरी ने जिला कलक्ट्रेट परिसर का गहन निरीक्षण किया और विभिन्न विभागों में सफाई कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने जिला परिषद, वन विभाग, रसद विभाग, निर्वाचन विभाग, उपखंड अधिकारी कार्यालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्व विभाग, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन एवं सिटी) कार्यालय, राजस्व अपील प्राधिकारी कार्यालय, उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सहित अन्य अनुभागों का दौरा किया। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि कार्यालयों में नियमित स्वच्छता बनाए रखी जाए, अभिलेख सुव्यवस्थित रखे जाएं और अनुपयोगी सामग्री को तत्काल हटाया जाए।

# प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर मनाया जा रहा स्वच्छता पखवाड़ा

- सरकारी कार्यालयों में अधिकारी और क्रमिक जुटे विशेष सफाई अभियान में
- तहसील और नगर पालिका कार्यालय में की कई वर्षो बाद कमरों की सफाई

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( घनश्याम अवस्थी )।** प्रदेश में भजनलाल सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत सार्वजनिक स्थानों पर साफ सफाई की जा रही है। वहीं सरकारी कार्यालय में भी संबंधित अधिकारी साफ सफाई में जुटे हैं। ऐसे में मंगलवार को

शहर के तहसील कार्यालय में तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा और नायब तहसीलदार उत्तम चंद बंसल के साथ सभी कर्मियों ने अपने-अपने कक्षों की सफाई की। वही नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी अभिताभ मीणा सफाई कार्य में सुबह से जुटे है। ऐसे में सभी कक्षों की साफ सफाई के साथ कार्यालय परिसर की भी साफ सफाई की जा रही है।

तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि राजस्थान सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर जहां सामूहिक रूप से सफाई की जा रही है। वहीं सभी सरकारी कार्यालय में भी साफ सफाई हो रही है। ऐसे में तहसील परिसर में साफ सफाई की है। जिसमें सभी कर्मियों ने अपने कमरों को साफ किया है। काफी समय से साफ सफाई नहीं होने से काफी गंदगी बनी हुई थी। तहसील कार्यालय में अभिषेक मुद्गल,पुष्पेंद्र परमार,मोहित



सारस्वत,संजीव बंसल,महावीर सिंह,ममता मीणा,कमलेश मीणा के साथ करण सिंह कुशवाह,भगवान स्वरूप मीणा सभी कार्मिको ने सहयोग किया।

वही शहर की नगर पालिका में ईओ अमिताभ मीणा ने अपने कमरे की सफाई की। इस दौरान सफाई निरीक्षक यादवेंद्र तोमर,तपेश विधूड़ी,मनु विधूड़ी,मांगीलाल,लोकेश सहित अन्य कार्मिकों ने भी अपने-अपने कमरों में साफ सफाई की है। ईओ मीणा ने बताया कि सफाई का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।शहर के सभी स्थानों पर सामूहिक रूप से साफ सफाई की जा रही है।

# राजनैतिक दलो के साथ बैठक का हुआ आयोजन

### मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के उपरांत मतदाता सूची प्रारूप किया जारी

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में 27 अक्टूबर को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम घोषित किया गया था, जिसके अन्तर्गत 4 नवम्बर से 11 दिसम्बर तक गणना चरण के दौरान सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरण एवं संग्रहण का कार्य सम्पन्न किया गया है। गहन पुनरीक्षण कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 9 लाख 17 हजार 846 थी, जिनको गणना प्रपत्र वितरित किए गए थे। जिले की विधानसभा क्षेत्र में गणना चरण के दौरान कुल 8 लाख 69 हजार 133 मतदाताओं द्वारा अपने गणना प्रपत्र भरकर जमा करवा दिए गए हैं, जिनका नाम 16 दिसम्बर को जारी प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित कर दिया गया है।

गणना चरण के दौरान 4 नवम्बर से 11 दिसम्बर तक जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बीएलओ द्वारा राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेण्ट के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें बूथ क्षेत्र में अप्राप्त गणना प्रपत्रों की सूची मय उनके कारण बीएलओ द्वारा बूथ लेवल एजेण्ट को उपलब्ध कराई गई।

# अंजना सोनी के प्रयासों से मिली स्वास्थ्य मंदिर संस्थान को सफलता

### आश्रम पर मंदिर निर्माण, महिलाओं को मिला स्वरोजगार - अंजना सोनी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, (घनश्याम अवस्थी)।** स्वास्थ्य मंदिर महिला सेवा इकाई की अध्यक्ष एवं समाज सेविका श्रीमती अंजना सोनी ने पत्रकार को एक विशेष बातचीत करते हुए बताया कि उनके द्वारा अध्यक्ष पद के साथ-साथ अन्य सेवा संस्थाओं से भी जुड़ी हुई हैं। महिला सेवा इकाई द्वारा इनके कार्यकाल के दौरान गत 2 वर्षों में करीब 40 से अधिक गरीब लड़कियों की शादी में मदद, सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन द्वारा 14 लड़कियों की शादी करना, उनकी समय समय पर जानकारी करना और उन्हें मदद करना, 15 से अधिक बालिकाओं को पढाने के लिए उनकी फीस, 22 गरीब विधवा महिलाओं को प्रतिमाह राशन सामग्री एवं खिलता बचपन सवरता जीवन प्रकल्प के बच्चों के संरक्षण के रूप में कार्य करना उनकी बुनियादी जरूरत को पूरी करना उनके लिए ड्रेस. भोजन इत्यादि की व्यवस्था करना जो बहुत बडा श्रेय श्रीमती सोनी के भरसक प्रयास से हुआ है।

अंजना सोनी ने वर्ष 2017 में स्वास्थ्य मंदिर संस्थान की सदस्य के रूप में अपना सफर शुरू करते हुए 2024 में अध्यक्ष तक पहुंची जो कि अपने आप में काबिले तारीफहै जो वर्तमान में लगातार सेवा कार्यों को अंजाम दे रही है। श्रीमती सोनी द्वारा द्वारा निर्धन बच्चियों को निशुल्क ब्यूटीपार्लर प्रशिक्षण दिला कर आत्म निर्भर बनाना आज समाज में बच्चियों के स्वाभिमान के लिए बेहद जरूरी है। श्रीमती अंजना सोनी के अथक प्रयासों द्वारा ही आज कच्ची बस्ती की 30 से अधिक लड़कियां आठवीं से ऊपर की क्लास में पहुंच पाई है और लड़कियों को अधिक से अधिक शिक्षित करना है । श्रीमती अंजना सोनी के आर्थिक सहयोग से ही स्वास्थ्य मंदिर आश्रम पर मंदिर का निर्माण हुआ है जिसमें उनके द्वारा ही मंदिर में राधा कृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई। सोनी के आर्थिक सहयोग समय समय पर मिलता रहता है। श्रीमती सोनी के प्रयासों से स्वास्थ्य मंदिर



आश्रम के आसपास की महिलाओं को रोजगार यूनियन में सफलता मिली है। सोनी के प्रयासों से ही सुनायल जो की महिलाओं द्वारा निर्मित किया गया है जिसमें महिलाएं रोजगार पा रही है और स्वास्थ्य मंदिर आश्रम को एक अलग से लाभ प्राप्त हो रहा है।

# विभिन्न कार्यालयों एवं विभागों का कार्मिक विभाग द्वारा किया गया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** मुख्य सचिव द्वारा जारी आदेशों की अनुपालना में प्रमुख शासन सचिव प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग के निर्देशानुसार वरिष्ठ शासन उप सचिव केआर मीना एवं अतिरिक्त निदेशक निरीक्षण के नेतृत्व में राज्य स्तरीय निरीक्षण दल के सदस्य शासन उप सचिव सुनील कुमार शर्मा, महेन्द्र कुमार सरावता, अनुभाग अधिकारी, कैलाश मीणा, पुष्कर राज जाटव, अनुभाग अधिकारी एवं लिपिक ग्रेड-द्वितीय सुरेन्द्र सिंह, द्वारा प्रातः 9.45 बजे जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न राजकीय कार्यालयों, विभागों का आकस्मिक भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न राजकीय कार्यालयों, विभागों की संधारित 71 उपस्थिति पंजिकाएं मौके पर ही जब्त की गई। कार्यालयों, विभागों के कुल 78 राजपत्रित में से 39 राजपत्रित अधिकारी अनुपस्थित पाये गये जो कि प्रतिशत की दृष्टि से 50 प्रतिशत है एवं कुल 654 अराजपत्रित कर्मचारियों में से 317 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये जोकि प्रतिशत की दृष्टि से 48.47 प्रतिशत है। इस प्रकार कुल 356 अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये।

यह भी उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय स्थित कुछ कार्यालय, विभागों के कमरों के ताले लगे हुये पाये गये जिनकी उपस्थिति पंजिकायें जब्त नहीं की जा सकी एवं उपस्थिति पंजिकाएं निर्धारित मापदण्डानुसार संधारित नही की जा रही है, साथ ही कई कार्यालयों में साफ-सफाई की व्यवस्थाएं सही नही पायी गयी तथा कई कार्यालयों में रिकॉर्ड अव्यस्थित पाया गया। विभागों द्वारा जारी समय-समय पर परिपत्रों की पालना सुनिश्चित नहीं की जा रही हैं।



अनुपस्थित कार्मिको पर नियमानुसार सीसीए नियमों तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के लिए रिपोर्ट उच्च स्तर पर प्रस्तुत की जायेगी।

## गोठ में 33 केवी बिजली लाइन को लेकर ग्रामीणों का धरना आठवें दिन भी जारी



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** पंचायत समिति क्षेत्र के गांव गोठ में बिजली विभाग द्वारा प्रस्तावित 33 केवी विदुत लाइन को गांव के बाहर से ले नही लेने जाने देने की मांग को लेकर ग्रामीणों का शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन मंगलवार को आठवें दिन में प्रवेश कर गया। बावजूद इसके, अब तक प्रशासन एवं संबंधित विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। धरना दे रहे ग्रामीणों ने प्रशासन को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि 22 दिसंबर तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया और 33 केवी लाइन को गांव के बाहर से नहीं ले जाने देगे का आदेश जारी नहीं किया गया, तो वे आंदोलन को और उग्र करने के लिए मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि ऐसी स्थिति की समस्त जिम्मेदारी प्रशासन एवं बिजली विभाग की होगी। ग्रामीणों का कहना है कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक है, लेकिन प्रशासन की लगातार उदासीनता उन्हें कठोर कदम उठाने के लिए विवश कर रही है। उन्होंने जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर उचित निर्णय लेने की मांग की है। ग्रामीणों ने दोहराया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## सुरेर ग्राम पंचायत में अव्यवस्थाओं से ग्रामीण परेशान

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राजगढ़ उपखंड की सुरेर ग्राम पंचायत में बुनियादी सुविधाओं की कमी से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में स्वास्थ्य, सफाई और सडक़-प्रकाश व्यवस्था बदहाल बनी हुई है, जिससे आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है ग्रामीणों एवं कांग्रेस के युवा नेता चंदन पारिक ने बताया कि ग्राम स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर आवश्यक दवाइयों का अभाव बना हुआ है, जिससे मरीजों को उपचार के लिए बाहर जाना पड़ रहा है। वहीं, गांव की नालियां लंबे समय से भरी हुई हैं, जिससे गंदगी फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है इसके साथ ही गांव में रोड लाइटें बंद पड़ी हैं या पर्याप्त संख्या में नहीं होने से रात के समय अंधेरा छाया रहता है जिससे दुर्घटनाओं और असामाजिक गतिविधियों की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया गया कांग्रेस के युवा नेता चंदन पारिक ने कहा कि सुरेर ग्राम पंचायत की इन गंभीर समस्याओं को लेकर वे जल्द ही प्रशासन के समक्ष सभी मुद्दे रखेंगे और ग्रामीणों को राहत दिलाने के लिए संघर्ष करेंगे।

## अलवर की डॉ.दीपिका बनी राजस्थान अंडर-19 छात्रा वर्ग स्कूल बॉस्केटबॉल टीम की चीफ कोच

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** अलवर की बेटी डॉ.दीपिका अरोड़ा एक बार फिर से अलवर के गौरवर को बढ़ाने के लिए आगे आई है। गौरतलब है कि अलवर जिले की डॉ. दीपिका अरोड़ा को फिर से शिक्षा विभाग ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है इन्हें स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में डायरेक्टरेट एजुकेशन राजस्थान बीकानेर द्वारा राजस्थान अंडर-19 स्कूली छात्रा बास्केटबॉल टीम की चीफ कोच नियुक्त किया गया है। राजस्थान टीम 2 से 6 जनवरी 2026 तक बाड़मेर में आयोजित होने वाली अंडर-19 स्कूल बॉस्केटबॉल चैंपियनशिप में भाग ले रही है। आपको बताते चले कि वर्तमान में डॉक्टर दीपिका शिक्षा विभाग में सीनियर पीटीई के पद पर कार्यरत हैं और इन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिता की जिम्मेवारी पांचवीं बार दी जा रही है गौरव का विषय है कि आप ही गत वर्ष भी अंडर 19 टीम को श्रेष्ठ प्रशिक्षण देकर रजत पदक दिलवा चुकी हैं। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार सोनी ने बताया की राष्ट्रीय स्तर पर डॉ दीपिका का शानदार रिकार्ड रहा है। जो कि विद्यालय के लिए गर्व की बात है। विभाग ने मुझ पर एक बार फिर भरोसा जताया मेरे लिए सम्मान का विषय है और मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि मैं अपने विभाग का नाम रोशन करूं और 19 वर्ष छात्रा बास्केटबॉल राजस्थान टीम का एक बार फिर से भारत में परचम लहराए इसके लिए मैं पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हूं।

## रोटरी क्लब अलवर ने किया मेडिकल कैंप का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रोटरी क्लब ऑफ अलवर द्वारा डिस्ट्रिक्ट 3053 पेन प्रोजेक्ट के अंतर्गत मन्नी का बड़ स्कूल में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में आयरन व हीमोग्लोबिन जांच, एपिलेप्सी जागरूकता दी गई । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष में स्कूल में छात्राओं को फल वितरित किए गए। सहचरी कार्यक्रम के अंतर्गत रोटेरियन सुनीता मित्तल ने छात्राओं को मासिक धर्म हाइजीन की जानकारी दी तथा लगभग 300 बालिकाओं को सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। यह सेनेटरी नैपकिन रोटेरियन संजीव गुप्ता जी की धर्मपत्नी अल्का गुप्ता की ओर से प्रदान किए गए। रोटरी क्लब अलवर की अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल ने बताया एपिलेप्सी जागरूकता कार्यक्रम हर महीने रोटेरियन डॉ. अमित खंडेलवाल मिर्गी से संबंधित जानकारी देते हैं । इस अवसर पर असिस्टेंट गवर्नर राजेश सिंघल, सचिव ऋषि मित्तल, आगामी अध्यक्ष रोटेरियन नीलू जैन ,रोटेरियन नरेश गोयल, रोटेरियन साक्षी खंडेलवाल, कविता खंडेलवाल,आशीष जैन सहित रोटरी सदस्य उपस्थित रहे।

# वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने राज्य सरकार की द्वितीय वर्षगांठ पर जिला विकास प्रदर्शनी का अवलोकन कर 'जिला विकास पुस्तिका' का किया विमोचन

### राज्य सरकार द्वारा दो वर्ष में किए गए ऐतिहासिक कार्यों एवं उपलब्धियों की विस्तार से दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**आमजन 18 दिसम्बर तक विकास प्रदर्शनी का कर सकते हैं अवलोकन**



**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में '2 साल : नव उत्थान-नई पहचान, बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान' थीम पर आधारित तीन दिवसीय जिला विकास प्रदर्शनी का मंगलवार को सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय (पीआरओ ऑफिस) में फीता काटकर शुभारम्भ एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों एवं कार्यों पर आधारित जिला विकास पुस्तिका का भी विमोचन किया। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पूर्व विधायक श्री जयराम जाटव, जिला अध्यक्ष श्री अशोक गुप्ता सहित प्रबुद्घ व्यक्तियों एवं जनप्रतिनिधिगणों मौजूद रहे।

वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने प्रेसवार्ता में राज्य सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अतिथियों ने विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में विगत दो वर्ष में विभिन्न विभागों द्वारा फ्लैगशिप तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों एवं नवाचारों को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में लगाए गए सेल्फी पॉइंट आकर्षण का केन्द्र रहा, जिसमें वन राज्यमंत्री श्री संजय शर्मा, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला एवं जनप्रतिनिधियों सहित बडी संख्या में लोगों ने फोटो खिंचवाई। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सहायक निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि जिला विकास पुस्तिका व प्रदर्शनी में राज्य सरकार के दो साल में किए गए विकास कार्यों तथा विभागों की उपलब्धियों को फ्लेग्स एवं स्टेण्टीज के माध्यम से प्रदूशत किया गया है जिसका अतिथियों एवं आमजन द्वारा अवलोकन कर सराहना की गई। उन्होंने बताया कि जिला विकास प्रदर्शनी का आमजन 18 दिसम्बर तक कार्यालय समय प्रातः 9:30 बजे से सांय 6 बजे तक अवलोकन कर सकते हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षाविद् श्री दिनेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर एडीएम द्वितीय श्री योगेश डागुर, एडीएम शहर श्रीमती बीना महावर, यूआईटी सचिव श्रीमती धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त श्री सोहन सिंह नरूका, पूर्व महापौर श्री घनश्याम गुर्जर, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता श्री भूरी सिंह, सीडीईओ श्री महेश गुप्ता, पं. जलेसिंह, तथा सहित पत्रकारगण, जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्घ व्यक्ति एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मिशन लाइफः जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, सब्जी मंडी में बाटें कपड़े के बैग

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा मिशन लाइफ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में राज्य की पहल 2025 अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय अधिकारी अशोक जेलिया ने बताया कि कार्यक्रम 16 दिसंबर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, माणकचौक, राजनगर में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय में पर्यावरण अनुकूल व्यवहारों को बढ़ावा देना तथा सतत जीवन शैली के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध लेखन, आशुभाषण प्रतियोगिता एवं पर्यावरण शपथ सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साह एवं रचनात्मकता के साथ सहभागिता निभाई। सहायक पर्यावरण अभियंता द्वारा मिशन लाइफ को एक सामुदायिक अभियान बताते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को प्रो-प्लैनेट पीपल के रूप में विकसित करने का आह्वान किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता दो श्रेणियों में आयोजित की गई, जिसमें प्रथम श्रेणी में लोहिताश शर्मा प्रथम, कोमल गमेती द्वितीय एवं सुरज परमार तृतीय रहे, जबकि द्वितीय श्रेणी में इलियाज अली प्रथम, सानिया बानु द्वितीय एवं कुनाल रेगर तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के त्याग, पर्यावरण अनुकूल विकल्पों के उपयोग, जल संरक्षण, ऊर्जा दक्षता अपनाने, पर्यावरण अनुकूल परिवहन, कचरा पृथक्करण, पुनः उपयोग एवं रिसाइक्लिंग जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई तथा इनका दैनिक जीवन में पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया।इसी क्रम में 16 दिसंबर को क्षेत्रीय कार्यालय राजसमंद एवं नगर पालिका नाथद्वारा के संयुक्त तत्वावधान में सब्जी मंडी, नाथद्वारा में भी सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के प्रति आमजन को जागरूक किया गया तथा कपड़े के थैले वितरित किए गए।

## शहर में बंदरों का आतंक नहीं, बल्कि वन्यजीवों पर मानवजनित संकटः एडवोकेट देवांश सिंह

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (नि.स.)।** आजकल समाचारों, सोशल मीडिया और आम चर्चाओं में अक्सर यह वाक्य सुनने को मिलता है शहर में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। लेकिन यदि इस कथन की गहराई से पड़ताल की जाए, तो सच्चाई इससे बिल्कुल अलग नजर आती है। वास्तव में आतंक शहरों पर नहीं, बल्कि इन निर्दोष वन्यजीवों पर टूट रहा है, और इसके लिए सीधे तौर पर मानव समाज स्वयं जिम्मेदार है। एडवोकेट देवांश सिंह ने इस विषय पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बंदरों का शहरों में आना कोई स्वाभाविक या स्वेच्छिक घटना नहीं है। यह तेजी से हो रहे शहरीकरण, अंधाधुंध वृक्ष कटाई, जंगलों के सिमटते दायरे और प्राकृतिक संसाधनों के विनाश का परिणाम है। जब जंगल खत्म कर दिए जाते हैं, पहाड़ खोद दिए जाते हैं और फलदार वृक्षों को काट दिया जाता है, तो वन्यजीवों के पास भोजन और सुरक्षित आश्रय के विकल्प ही समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि बंदर सदियों से जंगलों में संतुलित जीवन जीते आए हैं, लेकिन आज उनके पारंपरिक आवास नष्ट हो चुके हैं। मजबूरी में जब वे शहरों में आते हैं, तो भूख और डर के कारण उनका व्यवहार असामान्य प्रतीत होता है, जिसे समाज आतंक का नाम दे देता है। जबकि हकीकत यह है कि यह उनका जीवन बचाने का संघर्ष है, न कि किसी प्रकार की आक्रामकता। एडवोकेट देवांश सिंह का कहना कि किसी भी समस्या का समाधान आरोप-प्रत्यारोप से नहीं, बल्कि जिम्मेदारी स्वीकार करने से निकलता है। यदि हम सच में बंदरों और अन्य वन्यजीवों से जुड़ी समस्याओं का स्थायी समाधान चाहते हैं, तो हमें उनके प्राकृतिक आवासों को बचाना होगा। वन संरक्षण, बड़े स्तर पर वृक्षारोपण, विशेष रूप से फलदार पेड़ों का रोपण, तथा वैज्ञानिक और मानवीय दृष्टिकोण से पुनर्वास की योजनाएं बनानी होंगी।

## शिक्षा विभाग के कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाकर कर्मचारियों ने ली स्वच्छता की शपथ

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मंगलवार को कार्यालय स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग के निर्देशों की अनुपालना में प्रातः 10.00 बजे से 11.00 बजे तक एक घंटे का विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान कार्यालय के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने-अपने कक्षों, शाखाओं और कार्यालय परिसर की गहन साफ-सफाई की। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने बताया कि सीबीईओं कार्यालय सहित ब्लॉक के विद्यालयों में स्वच्छता शपथ, सफाई अभियान, जागरूकता कार्यशाला, कचरा प्रबंधन पर जोर दिया गया।

## स्व. श्री लोकराम थदानी की पुण्य स्मृति में निःशुल्क मैडिकल शिविर 19 को

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** महावीर इन्टरनेशनल अलवर केन्द्र द्वारा संचालित आचार्य हस्ति चिकित्सालय, 1 शान्तिकुंज भवानी तोप सर्किल, मीनल होटल के पास, अलवर में स्वः श्री लोकराम थदानी की पुण्य स्मृति में 19 दिसम्बर 2025 शुक्रवार को निःशुल्क मैडिकल शिविर प्रातः 09 बजे से 11 बजे तक लगाया जायेगा। केन्द्र सचिव वीर सूर्यकान्त भारद्वाज ने बताया कि इस शिविर में डॉ.सुरेन्द्र जैन फिजिशियन डॉ. राजू अग्रवाल न्यूरोलोजिस्ट,डॉ.अरूण कुमार जैन न्यूरोलोजिस्ट, डॉ.धुरवी भारद्वाज चर्म रोग विशेषज्ञ, डॉ. हरि सिंह यादव आर्थोपैडिक सर्जन, डॉ. एनके जैन जनरल सर्जन, डॉ.सरोज जैन स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ.मनीष त्यागी नाक- कान- गला रोग विशेषज्ञ, डॉ. दिव्या शर्मा होम्योपैथिक फिजिशियन, डॉ. शैली जैन दन्त रोग विशेषज्ञ एवं डॉ. लोकेश लालवानी अस्थमा रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाऐं देगें। यह शिविर सिन्धु सुगन्ध सेवा संस्थान अलवर के सहयोग से लगाया जायेगा।

## सेवा पखवाड़े के तहत आरके हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर

बढ़ता राजस्थान

**38 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान**



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा् के तहत भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा राजसमंद और केमिस्ट एसोसिएशन राजसमंद के संयुक्त तत्वावधान में आरके राजकीय चिकित्सालय के ब्लड सेंटर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सोसायटी प्रवक्ता सुरेश भाट ने बताया कि इस शिविर में कुल 38 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इसके अतिरिक्त 25 व्यक्तियों ने भविष्य में जरूरत पडऩे पर रक्तदान करने का संकल्प भी व्यक्त किया। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हेमंत कुमार बिंदल ने स्वयं रक्तदान करके अन्य रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी, पूर्व सभापति सुरेश पालीवाल, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश रजक, ब्लड बैंक शिविर प्रभारी डॉ मनीष खंडेलवाल, सहायक औषधि नियंत्रक अधिकारी सुरेश सामर, रेडक्रॉस सोसायटी चेयरमैन कुलदीप शर्मा, मानद सचिव बृजलाल कुमावत, केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष प्रमोद मोदी, भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश कुमावत, पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र टेलर ने शिविर का अवलोकन किया और व्यवस्थाओं की सराहना की। क्षेत्रीय विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने शिविर में का अवलोकन कर रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर होसला अफजाहीं किया। मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने जानकारी दी कि शिविर को सफल बनाने में डॉ मनीष खंडेलवाल, मानद सचिव बृजलाल कुमावत, संयुक्त सचिव दीपचंद गाडरी, गोपाललाल सरगरा, रमेशसिंह चारण, पूर्व चेयरमैन सुरेश पालीवाल, पूर्व पार्षद विजय बहादुर जैन, केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद मोदी, सचिव विजय शर्मा, गजेंद्र सिंह चुंडावत, पवन कोठारी, संजय कावडिया, रतनलाल कुमावत, तकनीशियन युगल किशोर पालीवाल, मुकेश कुमावत, रमेश सुथार, राधेश्याम सुखवाल, दिनेश सिंह आदि ने सहयोग प्रदान किया।

**ब्लॉक स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक आयोजित**

# बैठक में पांचवीं-आठवीं बोर्ड व वार्षिक परीक्षा सहित विभागीय योजनाओं को लेकर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के माचाड़ी मार्ग पर स्थित पीएमश्री श्री प्यारेलाल गुप्ता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में मंगलवार को शिक्षा विभाग की ओर से ब्लॉक स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रथम युवराज शर्मा ने बताया कि बैठक में वार्षिक परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम को पूर्ण करवाने, परीक्षा पे चर्चा के पंजीकरण करवाने, निपुण मेला व मेगा पीटीएम की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में चर्चा की गई। उन्होंने छात्रवृत्ति योजना, निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक, बालिकाओं के लिए संचालित लाडो योजना, गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन योजना की जानकारी दी। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वितीय कमल कुमार मीना ने सत्र 2026-27 हेतु निः शुल्क पाठ्य-पुस्तक की मांग, यू डाइस पोर्टल पर विद्यार्थियों का अपडेशन करने, कक्षा 5 व 8 के आनलाइन आवेदन से पूर्व विद्यार्थियों की जानकारी शाला दर्पण पोर्टल व पीएसपी पोर्टल पर अपडेट करने के बारे में जानकारी दी। बैठक में ब्लॉक साक्षरता प्रभारी सूर्य प्रकाश शर्मा, यूसीबीईओ अरविंद कुमार मीना, रामनिवास मीना, जगमोहन शर्मा, राजकुमार गुप्ता ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में मनोज कुमार शर्मा, राजेश मीना, प्यारेलाल जाटव, कविता यादव, रामचरण मीना सहित प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

### इनका कहना

यू डाइस पोर्टल पर ब्लॉक के 6 निजी विद्यालयों द्वारा प्रोफाइल अपडेट, 20 विद्यालयों द्वारा टीचर्स माड्यूल व 34 विद्यालयों द्वारा स्टूडेंट्स डाटा माड्यूल की प्रविष्टि नहीं की है। इन निजी विद्यालयों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यदि फिर भी कार्य नहीं करते हैं तो उच्च अधिकारियों को मान्यता निरस्त करने का प्रस्ताव भिजवाया जाएगा। -

**लीलावती मीना**, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजगढ़

# अयोध्या में डॉ. रामविलास वेदांती को जल-समाधि

**सरयू में स्नान कराया, बीच धारा में पार्थिव शरीर को प्रवाहित किया**

बढ़ता राजस्थान

**अयोध्या।** राममंदिर आंदोलन के संत और पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती को मंगलवार शाम अयोध्या में जल-समाधि दी गई। उनके पार्थिव शरीर को 25-25 किलो बालू से भरी 4 बोरियों से बांधा गया। फिर सरयू की बीच धारा में शरीर को प्रवाहित कर दिया गया।

दोपहर 2:20 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकली गई, जो हनुमान गढ़ी और राममंदिर होते हुए सरयू घाट पहुंची। वहां डॉ. रामविलास वेदांती के पार्थिव शरीर को स्नान कराया गया। इससे पहले अंतिम दर्शन के लिए हिंदू धाम में पार्थिव देह को रखा गया। सीएम योगी, मंत्री सूर्य प्रताप शाही और भाजपा नेता बृजभूषण सिंह समेत कई लोगों ने डॉ. वेदांती को उनके आश्रम जाकर श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा उनके अंतिम दर्शन करने देशभर से भी संत अयोध्या पहुंचे।

67 साल के डॉ. वेदांती का सोमवार को मध्यप्रदेश के रीवा में दोपहर 12:20 बजे निधन हो गया था। उनका पार्थिव शरीर रात करीब साढ़े 11 बजे अयोध्या पहुंचा।

डॉ. वेदांती की रीवा में रामकथा चल रही थी। इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें एयरलिफ्ट कर भोपाल एम्स ले जाने की तैयारी थी। एयर एंबुलेंस पहुंच भी गई थी, लेकिन कोहरे की वजह से लैंड नहीं कर सकी।

डॉ. वेदांती का जन्म रीवा के गुढ़वा गांव में 7 अक्टूबर, 1958 को हुआ था। जब वे 12 साल के थे, तभी अयोध्या आ गए थे। उनका पूरा जीवन यहीं बीता। यूपी के प्रतापगढ़ और जौनपुर की मछलीशहर सीट से वे 2 बार भाजपा के सांसद रहे।

# नवजोत कौर सिद्धू बोलीं- राजा वड़िंग को प्रधान नहीं मानती

**मैंने कभी नहीं कहा, टिकट के बदले पैसे लिए, 500 करोड़ वाला बयान ट्विस्ट एंड टर्न किया**

बढ़ता राजस्थान

**अमृतसर ( एजेंसी )।** पंजाब कांग्रेस में हलचल मचाने वाली पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिद्धू की पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू के सुर बदल गए हैं। नवजोत कौर ने कहा कि मैंने कभी नहीं कहा कि 5-5 करोड़ लेकर टिकटें बेची गई हैं। 500 करोड़ रुपए वाला मुद्दा मुझे नहीं पता कहां से आया, मेरे बयान को ट्विस्ट एंड टर्न किया गया है। मुझे सस्पेंड करने से पहले मेरा पक्ष तक नहीं लिया गया। मैं राजा वड़िंग को प्रधान नहीं मानती। वह एक न्यूज चैनल से बात कर रहीं थीं। दूसरी पार्टी में जाने के सवाल पर नवजोत कौर ने कहा कि मैं तो किसी का फोन ही नहीं उठाती।

दरअसल, नवजोत कौर ने सिद्धू के ष्टरू बनने के सवाल पर कहा था कि हमारे पास किसी को देने के लिए 500 करोड़ नहीं हैं। इसको लेकर पंजाब कांग्रेस में खूब बवाल मचा। विरोधियों ने इसके ढ्ढ वीडियो तक बना दिए थे।

# गोवा अग्निकांड- लूथरा ब्रदर्स को थाइलैंड से दिल्ली लाया गया

## गोवा पुलिस ने एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया; 25 लोगों की मौत के बाद भागे थे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** गोवा के नाइट क्लब बिर्च बाय रोमियो लेन' अग्निकांड मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाइलैंड से दिल्ली लाया गया है। भारतीय सुरक्षा अधिकारी दोनों भाइयों के साथ मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरे। दिल्ली एयरपोर्ट पर गोवा पुलिस की एक टीम ने दोनों को एयरपोर्ट पर ही गिरफ्तार कर लिया। गोवा पुलिस ने दोनों आरोपियों की दिल्ली में मेडिकल जांच कराई। अब उन्हें पटियाला हाउस कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड के लिए पेश किया जाएगा। ट्रांजिट रिमांड की इजाजत मिलते ही पुलिस दोनों को लेकर गोवा जाएगी। सौरभ और गौरव लूथरा बिर्च नाइट क्लब के मालिक हैं। क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे। थाईलैंड पुलिस ने 11 दिसंबर को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया। आज सुबह उन्हें बैंकॉक से भारत डिपोर्ट किया गया था।

**दोनों भाई थाईलैंड में खाना खाने निकले, तभी पकड़े गए**

सूत्रों के अनुसार, 9 दिसंबर को थाई अधिकारियों को पता चला कि भारतीय सुरक्षा एजेसियां जिन भाइयों को ढूंढ रही है, वे फुकेट में छिपे हैं। भारतीय एजेंसियों से इनपुट मिलने के बाद थाई अधिकारियों ने पहले ही होटलों पर नजर रखनी शुरू कर दी थी। 11 दिसंबर को जब दोनों भाई होटल से बाहर खाना खाने के लिए निकले तो थाई इमिग्रेशन और पुलिस अधिकारियों ने उनकी पहचान और यात्रा की डिटेल्स वेरिफाई कीं और पकड़ लिया। दोनों पर गैर-इरादतन हत्या और लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है।

# राहुल बोले- मनरेगा खत्म करना महात्मा गांधी का अपमान : पीएम मोदी को उनके विचारों से समस्या, प्रियंका बोलीं- सरकार को नाम बदलने की सनक

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून को खत्म करने की कोशिश महात्मा गांधी के विचारों का सीधा अपमान है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महात्मा गांधी के विचारों और गरीबों के अधिकारों से समस्या है। उन्होंने लिखा... पिछले 10 सालों से मोदी सरकार मनरेगा को कमजोर करने की कोशिश कर रही है और अब इसे पूरी तरह खत्म करने का इरादा है। वीबी-जी राम जी बिल गरीब ग्रामीण परिवारों की आजीविका पर हमला है। कांग्रेस सड़क से लेकर संसद तक इस जनविरोधी बिल का विरोध करेगी। दरअसल, मोदी सरकार मनरेगा को खत्म करके कर उसकी जगह 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी विकसीत भारत-जी राम जी स्कीम ला रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को बिल लोकसभा में पेश किया।

**राहुल गांधी की 2 बड़ी बातें....**

मनरेगा महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने की जीवित मिसाल है। यह योजना करोड़ों ग्रामीण परिवारों के लिए जीवन रेखा रही है और कोरोना महामारी के दौरान आर्थिक सुरक्षा कवच साबित हुई।

मनरेगा की नींव तीन मूल सिद्धांतों पर रखी गई थी। पहला- काम का अधिकार, यानी काम मांगने वाले हर व्यक्ति को रोजगार; दूसरा- गांवों को अपने विकास कार्य तय करने की आजादी; और तीसरा- मजदूरी का पूरा खर्च केंद्र सरकार और सामग्री लागत का 75% केंद्र द्वारा देना।



# पहली बार इथियोपिया पहुंचे मोदी : पीएम अली ने गले लगाकर स्वागत किया; खुद कार चलाकर होटल ले गए

बढ़ता राजस्थान

**अम्मान( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जॉर्डन का दौरा पूरा करने के बाद इथियोपिया पहुंच गए हैं। राजधानी अदीस अबाबा के एयरपोर्ट पर इथियोपिया के पीएम अबी अहमद अली ने गले लगाकर कर पीएम का स्वागत किया। अहमद अली खुद कार चलाकर मोदी को होटल ले गए। उन्होंने रास्ते में मोदी को विज्ञान संग्रहालय और मैत्री पार्क भी दिखाया। इसके बाद दोनों नेताओं ने अनौपचारिक बातचीत की। यह पीएम का पहला इथियोपिया दौरा है। वे यहां 2 दिन के राजकीय दौरे पर हैं। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों, सहयोग और आपसी हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

**इथियोपिया का दूसरा बड़ा ट्रेड पार्टनर भारत-** भारत, इथियोपिया का दूसरा बड़ा ट्रेड पार्टनर है। दोनों देशों के बीच 2023-24 में 5175 करोड़ रुपए का ट्रेड हुआ। इस दौरान भारत ने 4433 करोड़ रुपए और इथियोपिया ने 742 करोड़ रुपए का निर्यात किया।

इथियोपिया, भारत से लोहा, स्टील, मेडिसन और फार्मास्युटिकल्स, मशीनरी और उपकरण आयात करता है। वहीं भारत, इथियोपिया से दालें, कीमती पत्थर, सब्जियां और बीज, चमड़ा और मसाले आयात करता है। भारत और इथियोपिया के बीच व्यापारिक रिश्तों की शुरुआत 1940 के दशक में हुई थी। आजादी से पहले ही दोनों के बीच कारोबार शुरू हो गया था। 1950 में राजनयिक संबंध बनने के बाद दोनों देशों में औपचारिक व्यापार शुरू हुआ।

# लोकसभा में 'वीबी-जी राम जी' बिल पेश

- **प्रियंका बोलीं : सरकार को नाम बदलने की सनक**
- **थरूर ने कहा : राम का नाम बदनाम न करो**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) बिल, 2025' पेश किया। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि हम इस बिल का विरोध करते हैं। हर योजना का नाम बदलने की सनक समझ नहीं आती है। बिना चर्चा के बिना सलाह लिए विधेयक को पास न करें। इसे वापस लें। नया विधेयक पेश करें। उन्होंने कहा,महात्मा गांधी मेरे परिवार के नहीं, मेरे परिवार जैसे ही हैं। पूरे देश की यही भावना है। कम से कम स्थायी समिति के पास इस बिल को भेंजे। कोई विधेयक किसी की निजी महत्वकांक्षा, सनक और पूर्वाग्रहों के आधार पेश नहीं होना चाहिए। और ना ही पास होना चाहिए। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी वीबी- जी राम जी बिल का विरोध किया। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी का नाम बदलना सही नहीं है। महात्मा गांधी का नाम राज्य का विजन पॉलिटिकल नहीं सामाजिक विकास का था। उनका नाम ही हटाना गलत है। राम का नाम बदनाम ना करो।

**वीबी-जी राम जी बिल मनरेगा स्कीम को रिप्लेस करेगा**

वीबी-जी राम जी बिल पास हो जाता है तो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून को रिप्लेस करेगा। नए बिल में कहा गया है कि इसका उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी।

**थरूर बोले- बिल का नाम सही नहीं, संसद में गंभीर चर्चा होनी चाहिए**

मनरेगा का नाम बदलने के बिल के खिलाफ कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि बिल का नाम सही नहीं है क्योंकि दो भाषाओं का इस्तेमाल किया गया है, जबकि संविधान के अनुसार एक भाषा का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का नाम हटाना खुद में सही नहीं है, लेकिन बिल में राम को शामिल करने के लिए कई भाषाओं का इस्तेमाल किया गया।




थरूर ने कहा कि यह गंभीर मामला नहीं है, क्योंकि महात्मा गांधी रामराज्य और ग्राम स्वराज के बारे में हमेशा बात करते थे, और उनके अनुसार रामराज्य तभी आएगा जब ग्राम स्वराज होगा। उन्होंने कहा कि भगवान राम का नाम कई अन्य संदर्भों में इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन महात्मा गांधी का नाम हटाना गलत है।

थरूर ने यह भी कहा कि कई राज्यों के पास नए नियमों के अनुसार मजदूरी का 40% देने के लिए पैसा नहीं है। उदाहरण के तौर पर केरल की सरकार पहले ही आर्थिक तंगी में है, जिसका मतलब है कि बेरोजगारी बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस बात पर सही तरीके से विचार नहीं किया और इस बिल पर संसद में गंभीर चर्चा होनी चाहिए।

# एक्टर सोनू सूद और रेसलर खली को दूसरा नोटिस

बढ़ता राजस्थान

**कानपुर।** कानपुर की कोतवाली पुलिस ने इंटरनेशनल ठग रवींद्र नाथ सोनी और उसके गैंग के खिलाफ सोमवार देर रात 6 और एफआईआर दर्ज की है। ये सभी दुबई के रहने वाली भारतीय एनआरआई हैं। इन सभी ने बताया कि शातिर ठग की ब्लूचिप कंपनी और फिल्म अभिनेता सोनू सूद के झांसे में फंसकर कंपनी में लाखों-करोड़ों रुपए इन्वेस्ट करते चले गए। यह भी आरोप लगाया कि अभिनेता ने ठगी की रकम से ही साइबर क्राइम पर आधारित फतेह फिल्म बनाई थी। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने सभी 6 ठगी के शिकार एनआरआई की तहरीर पर ठग रवींद्र नाथ सोनी और उसकी गैंग के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। वहीं, एक्टर सोनू सूद और रेसलर खली को पूछताछ के लिए दूसरा नोटिस जारी किया है।

# राठौड़ बोले- मेवल में विकास की कोई कमी नहीं छोड़ेंगे

**सरकार के 2 साल पर खरका में कहा- हर वादे को तीन सालों में पूरा करेंगे**

बढ़ता राजस्थान

**सलूंबर।** उदयपुर संभाग के प्रभारी राजेंद्र राठौड़ ने मेवल मंडल के खरका में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने राजस्थान की भजनलाल सरकार के दो साल पूरे होने पर आयोजित सुशासन और सेवा पखवाड़े के कार्यक्रमों के तहत सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा।

राठौड़ सुबह 12 बजे खरका पहुंचे, जहां बस स्टैंड पर डीजे और ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया गया। उन्हें सभा स्थल तक ले जाया गया, जहां मंडल अध्यक्ष नाहर सिंह राठौड़, जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी, जिला प्रवक्ता नाथू लाल कोलावत, स्थानीय सरपंच और अन्य पदाधिकारियों ने मेवाड़ी साफा, तलवार भेंट कर और उपरणा ओढ़ाकर अतिथियों का सम्मान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र राठौड़ थे। विशिष्ट अतिथियों में प्रदेश महामंत्री मिथिलेश गौतम, सलूंबर विधायक शांता देवी मीणा और पूर्व सांसद महेंद्र जीत सिंह मालवीया शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली ने की।




इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि राजस्थान की भजनलाल सरकार के दो साल सुशासन, विकास और विश्वास के प्रतीक हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि मेवल क्षेत्र में पंचायत समिति बनाई गई है और पुलियाओं और सड़कों का जाल बिछाया गया है। विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी और जनता को सरकार पर विश्वास रखना चाहिए।

# सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर के खिलाफ याचिका पर सुनवाई

**अदालत ने ईसी से जवाब मांगा था; आज 5 राज्यों-यूटी के ड्राफ्ट रोल जारी होंगे**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई होगी। इस मामले में अदालत ने चुनाव आयोग से जवाब भी मांगा है और बड़ी टिप्पणियां की थीं। वहीं 11 दिसंबर को हुई सुनवाई में याचिकाकर्ताओं के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि चुनाव आयोग को इतनी गहराई से जांच करने का अधिकार नहीं है। एक अन्य वकील ने कहा कि ईसी वोटरों को शक की नजर से देखकर पुलिस की तरह जांच नहीं कर सकता है।

दरअसल तमिलाडु, पश्चिम बंगाल और केरल समेत कई राजनीतिक दलों और संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की हैं। वहीं आज पश्चिम बंगाल, राजस्थान, गोवा, पुडुचेरी और लक्षद्वीप के ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल भी जारी होंगे। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा था कि माइग्रेशन का अर्थ सिर्फ घरेलू नहीं है, लोग रोजगार की तलाश में जाते हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोंक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार